संक्षेप

## अज्ञात चोरों ने नगदी समेत उड़ाये जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। अज्ञात चोरो ने घर में घुसकर नगदी समेत लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे बख्तावर देउम पूरब निवासी शिवम तिवारी पुत्र स्व0 हीरालाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की रात परिवार के सदस्य खाना खाकर सो गये। परिजनों को रविवार की सुबह विध्याचल धाम दर्शन के लिए निकलना था। परिजन रात के करीब ढाई बजे जगे तब देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था। आवाक परिजनों ने छान-बीन की तो पता चला कि घर में रखा बाक्श गायब था। घटना में पीड़ित के मुताबिक बीस हजार नगद तथा पत्नी प्रिया के लाखों के सोने चांदी के कीमती जेवरात बदमाशों ने चोरी कर लिया। पीड़ित के मुताबिक करीब डेढ़ वर्ष पूर्व भी उसके घर चोरी की घटना हुई थी। आरोप है कि उस समय पुलिस ने घटना को जांच के नाम पर ठण्डे बस्तें मे डाल दिया था। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़ः दरवाजे के सामने साइकिल चला रहे मासूम की टैक्टर से दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घर के इकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन बदहवास हो उठे। लालगंज कोतवाली के परसपुर समापुर निवासी शिव बहादुर वर्मा का पुत्र ऋतिक वर्मा (10) रविवार की सुबह सड़क के किनारे साइकिल चला रहा था। अचानक तेज गति से आ रहे टैक्टर ने साइकिल को टक्कर मार दी। मासूम के टैक्टर के नीचे आ जाने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। ऋतिक शिव बहादुर का इकलौता बेटा था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घायल मासूम को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे । यहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। ऋतिक की एक छह वर्ष की बहन भी हैं। जानकारी मिलने पर लालगंज पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। इधर दुर्घटना में प्रयुक्त टैक्टर को पुलिस कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

## जानलेवा हमले व छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। जनसेवा केन्द्र पर दो आरोपियों द्वारा जांनलेवा हमले के साथ छिनैती के आरोप को लेकर पीड़ित ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी हैं। सांगीपुर थाना के हर्षपुर निवासी बालजी मिश्रा पुत्र सुरेश नारायण मिश्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह लगभग पौने आठ बजे वह लालगंज कोतवाली के त्रिवेणी नगर तिलक राम स्थिति जनसेवा केन्द्र पर उसका पुत्र शिवान दुकान खोलने पहुंचा । पीड़ित के मुताबिक सेवा केन्द्र पर रुपए की निकासी व जमा भी हुआ करती हैं। तहरीर के मुताबिक इस बीच बगल के पुरवे दो अरोपी वहां आये और उसके बेटे पर जांनलेवा हमला कर दिया। तहरीर में दवा किया गया है कि आरोपियों द्वारा जनसेवा केन्द्र में रखे 48750 रुपए लूट लिये गये। जानकारी मिलने पर पीडित भी दुकान पर पहुंचा। घायल बेटे को लेकर वह इलाज कराने लालगंज ट्रामा सेंटर आया। पीड़ित ने घटना के बावत तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया दो पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट हुई है, जांच कर सत्यता के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

## अभियुक्त गिरफ्तार

मोहाना सिद्धार्थनगर। एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन के आदेश व एएसपी प्रशांत कु0 प्रसाद सीओ सदर विश्वजीत के पर्यवेक्षण एवं मोहाना थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुश पुलिस व एसएसबी ककरहवा व सीमा शुल्क इकाई ककरहहवा की संयुक्त टीम ने रू7,07,500/- भारतीय रुपये के साथ 01 अभियुक्त आशु पुत्र सुन्दर लाल ग्राम महावती पोस्ट मो महोती जिला पानीपत राज्य को गिरफ्तार बरामदगी कर अन्तर्गत धारा -11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहहवा भेजा गया, जो कि गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# आरआरसी सेंटर बंद

### कचरा प्रबंधन योजना विफल, महुलानी गांव में गंदगी से ग्रामीण परेशान



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद के खेसरहा क्षेत्र स्थित महुलानी गांव में स्थापित रूरल रिसोर्स कलेक्शन (आरआरसी) सेंटर बदहाल स्थिति में है। यहां सरकार की ग्रामीण कचरा प्रबंधन योजना पूरी तरह विफल हो गई है, जिससे गांव की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है। आरआरसी सेंटर निर्माण के बाद से ही बंद पड़ा है। इसके मुख्य गेट पर ताले लगे हैं और लंबे समय से नहीं खोले गए हैं। भवन की दीवारों पर की गई पेंटिंग उखड़ रही है, और केंद्र के आसपास झाड़ियों तथा कंटीले पौधों का जमावड़ा है, जो साफ-सफाई की कमी को दशार्ता है। सेंटर के अंदर कचरा न पहुंचने के बावजूद, इसके आसपास कूड़े का ढेर जमा हो गया है। इससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र की दीवार पर लिखे पदाधिकारियों के नाम भी पुराने हो चुके हैं। कई अधिकारियों के बदलने के बावजूद, इन नामों को अद्यतन नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान कालिंदी पांडे के प्रतिनिधि हरिराम पांडे ने बताया कि ओडीएफ योजना के तहत कचरा ढोने के लिए ठेला उपलब्ध कराया जाना था। हालांकि, यह प्रस्ताव किसी कारणवश निरस्त हो गया और एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ठेला नहीं मिल पाया है।

हरिराम पांडे ने यह भी बताया कि गांव का सफाईकर्मी लंबे समय से बीमार है और काम पर नहीं आ रहा है। इन कारणों से भी कचरा सेंटर तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो स्वच्छता अभियान का उद्देश्य पूरी तरह विफल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से इस मामले पर तत्काल ध्यान देने की अपील की है।

# तेज रफ्तार कार दीवार से टकराई

### युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल



सिद्धार्थनगर। जिले के सदर थाना क्षेत्र में 21 मार्च की देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उसका-मोहाना रोड पर बारोहिया खालसा गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान 30 वर्षीय शिवकुमार पुत्र प्रसाद, निवासी ग्राम गनेरा, थाना उसका के रूप में हुई है। घायलों में सलमान बंजारा (22) और बंसी (26) शामिल हैं। तीनों महादेवा से एक ही कार में सवार होकर देर रात अपने गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बारोहिया खालसा गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक मकान की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद शिवकुमार को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सलमान बंजारा की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज नौगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बंसी को मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## चेन छिनैती में वांछित अंतर्जनपदीय बदमाश मुठभेड़ में घायल, तमंचा भी हुआ बरामद



प्रतापगढ़ः शिक्षिकाओं के साथ दिन दहाड़ें चेन छिनैती के प्रयास की दुस्साहसिक घटनाओं को अंजाम देने वाले पड़ोंसी जिले के अर्न्तजनपदीय शातिर बदमाश को पुलिस ने करारा सबक सिखाया है। लालगंज कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस तथा सीसी फुटेज की मदद से बदमाश की सिनाख्त करने में सफलता ली। इसके बाद पुलिस ने उसकी सुरागरसी करते हुए पीछा किया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने साहसिक ढंग से आरोपी गैगेंस्टर व हिस्ट्रीशीटर बदमाश विपिन सिंह को शनिवार की शाम अमेठी जिले के संग्रामपुर में दबोच लिया। पुलिस आरोपी को लेकर लालगंज कोतवाली आयी। यहां पूछताछ में आरोपी ने लालगंज कोतवाली के गौतमपुर के समीप शिक्षिका शालिनी सिंह के साथ रास्ते में छिनैती के प्रयास तथा इसी दिन लीलापुर थाना के प्राथमिक विद्यालय पूरनपूर खजूर में शिक्षिका माया सिंह के साथ कक्ष में घुसकर चैन छिनैती के प्रयास में शामिल होना कबूल कर लिया। लालगंज में बदमाश की गिरफ्तारी की सूचना पाकर लीलापुर एसओ बैकुण्ठ नाथ पाण्डेय फोर्स के साथ यहां पहुंचे। बदमाश द्वारा चोरी का सामान छिपाने को लेकर बताये गये स्थान पर पुलिस उसे लेकर पहुंची। लीलापुर थाना के कमौरा गांव के समीप सई नदी के किनारे पुलिस बदमाश के साथ पहुंची तब उसने शातिराना अंदाज में वहां छिपाये गये तमंचे से अचानक फोर्स पर फायरिंग कर दिया। फायरिंग में आरक्षी राजकुमार सिंह घायल हो गया। तब तक पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और आत्मरक्षार्थ पुलिस की चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लग गयी। घायल अवस्था में बदमाश को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। जानकारी मिलने पर यहां अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी वृजनन्दन राय व लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा भी अस्पताल पहुंच गये। इधर पुलिस ने आरोपी बदमाश के पास से एक तमंचा तथा लूटी गयी चेन का आधा हिस्सा भी बरामद किया है। गोली से घायल बदमाश का अमेठी जिले के साथ प्रतापगढ़ के लालगंज व लीलापुर में आठ गम्भीर आपराधिक केस दर्ज है। आरोपी के खिलाफ गैगेंस्टर का भी केस दर्ज है। पुलिस की सफलता पर अफसरों ने लालगंज कोतवाल आलोक कुमार व फोर्स को सराहा है।

## इंडो नेपाल सीमा पर संयुक्त पुलिस पेट्रोलिंग तेज



श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस, एसएसबी और नेपाल पुलिस द्वारा लगातार संयुक्त पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस, एसएसबी और नेपाल की एपीएफ की संयुक्त टीम ने भरथा और छोटकी सुइया के नो मेंस लैंड क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी गई और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। पेट्रोलिंग के दौरान टीम ने सीमा क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। इसका मुख्य उद्देश्य सीमा पर शांति बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना है। श्रावस्ती पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या डायल 112 पर दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# 14 परिवारों को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। गत रविवार एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन के महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में दिए गए निर्देश के अनुपालन में क्रियाशील महिला थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन



शक्ति पेज 5 के दूतीय चरण के महिला थाना टीम द्वारा आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से तलाक की कगार पर खड़े विभिन्न कारणो से अलग रह रहे परिवारों के बीच हुए मनमुटाव को दूर कराते हुए व लिखित समझौता कराकर खुशी पूर्वक एक दूसरे के साथ 14 जोड़ों को साथ में विदा कराया, इस प्रकार0 प्र 0नि0 भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में उक्त टीम द्वारा 14परिवारो को बिखरने से बचाया गया। जो कि महिला थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय व काउंसलिंग टीम व महिला आ0शिवानी सिंह, प्रियवंदा सिंह, संगीता गौतम, शिवानी सिंह, रीना प्रगति राय का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है। 1-बेनू पत्नी अरविन्द साकिन कल्लाखोर थाना खेसरहा 02-यशोदा पत्नी प्रमोद साकिन बड़हरा खुर्द थाना लोटन, 03-प्रमिला पत्नी राममोहन साकिन मिझुनिया थाना शोहरतगढ़, 04- नन्दनी पत्नी अभिषेक साकिन सेऊड़ी थाना चिल्हिया, 05-आसमा पत्नी मकसूद साकिन बिलवट थाना पथरा बाजार, 06-विनीता पत्नी अजय उचहरिया थाना उसका बाजार, 07-नीलम पत्नी संदीप साकिन परती थाना उसका बाजार, 08-खलीकुन्निशा पत्नी सलाहुद्दीन साकिन केशवार थाना खेसरहा, 09-लक्ष्मी पत्नी बृजेश साकिन पिगनिहवा थाना इटवा, 10-गीता पत्नी विजय साकिन सेबुई थाना शोहरतगढ़, 11-रुबी पत्नी मनोज साकिन पनेरी थाना मोहाना, 12-नन्दिनी पत्नी दीपू साकिन मंडौली थाना सिद्धार्थनगर, 13-उर्मिला पत्नी दुर्गेश साकिन बरदही थाना गोल्हौरा, तथा 14-किरन पत्नी संगेश साकिन मसिना थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर जैसे परिवारों को न सिर्फ मनमुटाव खत्म कराया गया।

# नव निर्माण के नौ वर्ष में विकास कार्यक्रमों का भव्य आयोजन



श्रावस्ती। नव निर्माण के नौ वर्ष पूरे होने पर कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में चल रहे 9 दिवसीय मेले के पांचवें दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी/उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय एवं प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुनील प्रियदर्शी ने दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 6 लाभार्थियों को गैस सब्सिडी चेक और अंत्योदय योजना के 13 लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिनगा की छात्राओं साबरीन एवं इल्तिशा के स्वागत गीत से हुई। इसके बाद गुरूकुल गिलौला के छात्रों ने गीता के अध्यायों पर प्रस्तुति दी। छात्र सौरभ पाठक ने आरम्भ है प्रचंडह्व गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने थारू लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में श्रावस्ती में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मेले में लगे विभागों के स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी लें और उनका लाभ उठाएं। मेले में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, महिला कल्याण विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, उद्यान विभाग, कौशल मिशन, आयुष विभाग, पशुपालन विभाग, नगर पंचायत और स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का संचालन जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर जिला पूर्ति कार्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षक, अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## नव निर्माण मेले में लाभार्थियों को करोड़ों की सहायता वितरित



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम के चौथे दिन जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका निरीक्षण जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया। इस दौरान 9 स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड के तहत 1 करोड़ 56 लाख रुपये और सामुदायिक निवेश निधि के तहत 11 करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन योजना के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सरकार के 9 वर्षों के कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने सबका साथ, सबका विकासह्व के सिद्धांत पर काम करते हुए प्रदेश के विकास और जनता के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

### भविष्य निर्माण के लिए सदैव रचनात्मक सोच को मिलना चाहिए बढ़ावाः ब्रजभूषण शरण सिंह



जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। सांगीपुर के समीप कटरा स्थिति सर्वोदय पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में रविवार को नौनिहालों ने मनोहारी सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से अतिथियों व अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने मॉ सस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। हेलीकाप्टर से कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने मेधावियों का जमकर हौसला बढ़ाया। उन्होने कहा कि मेहनत से पढ़ाई से ही भविष्य का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होने कहा कि बुद्धि और विवेक ही मनुष्य की सबसे बड़ी सफलता का मार्ग तय करती है। पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जीवन में सदैव रचनात्मक सोच रखना चाहिए। उन्होने खान-पान की शुद्वता पर भी जोर देते हुए कहा कि बाजार में जिस तरह से मिलावट का दौर जारी है, उससे हमें सदैव सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व सांसद ने खाद्य सामग्री को लेकर एक बाबा पर भी अपने भाषण में कटाक्ष किया। राजनैतिक मुद्दो से दूर पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने पठन-पाठन तथा शिक्षा की आवश्यकता व महत्वतता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अपने लम्बे राजनैतिक उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का भी जिक्र करते हुए उन्हें स्वयं से वरिष्ठ तथा अनुभवी बताया। सांसद प्रमोद तिवारी को लेकर पूर्व भाजपा सांसद के द्वारा भाषण में किया गया जिक्र कार्यक्रम से इतर चर्चा में देखा सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश सिंह तथा संचालन सत्यम सिंह ने किया। संयोजक राकेश सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष के0के0 सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सूबेदार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, अभिशेष सिंह, ओम प्रकश पाण्डेय गुड्डू, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, आदि मौजूद रहे। इसके पहले पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हेलीकाप्टर से सुबह करीब ग्यारह बीस पर भुड़हा में बने हेलीपैड पर पहुंचे। यहां लोगों ने जय श्रीराम के घोष साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

## गो सेवा और भगवन्नाम जप ही कल्याण का साधन

सिद्धार्थनगर- राष्ट्रोत्कर्ष कथा समारोह के प्रथम सत्र में आचार्य धीरेंद्र शुक्ल ने कहा कि गो सेवा और भगवन्नाम जप ही कल्याण का एकमात्र साधन है। उन्होंने बांसी नगर पालिका अंतर्गत माता शीतला स्थान पर आयोजित इस समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित किया। आचार्य शुक्ल ने प्रकृति के शोधन क्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवों के अत्यधिक दोहनात्मक व्यवहार के कारण प्रकृति ने स्वयं को पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने भविष्यवाणी की कि जल्द ही प्रकृति सभी दुष्टात्माओं को समाप्त कर अपने वास्तविक रूप में लौटेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आने वाले भीषण काल में गो सेवा और भगवन्नाम जप में लगे रहने का आह्वान किया। इससे पूर्व, आचार्य धीरेंद्र शुक्ल ने सभी सनातनियों को भारतीय नववर्ष की बधाई दी और नवरात्रि व्रत को भक्ति भाव से करने के लिए प्रेरित किया।

## नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- जनपद के चिल्हिया थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी रविवार को एक अभियान के तहत गौहनिया बाजार क्षेत्र से की गई। पुलिस के अनुसार, चिल्हिया थाने में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गौहनिया बाजार क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक पुत्र उमाशंकर, निवासी ग्राम दहियाड़, थाना चिल्हिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था ।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शारदा प्रसाद, कांस्टेबल चन्द्रजीत यादव और महिला कांस्टेबल कंचन यादव सहित चिल्हिया थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खेसरहा में झाड़ियों से निकलकर सड़क पर पहुंचा सांप,

सिद्धार्थनगर- लक्ष्मीगंज से करही मार्ग पर स्थित कठमोरवा गांव के पास रविवार को एक जहरीला सॉ-स्केल्ड वाइपर (रेतीला विषधर) सड़क पर आ गया। सांप को सड़क के बीचों-बीच देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई। इसके परिणामस्वरूप, दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लगभग 20 मिनट तक यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप अचानक झाड़ियों से निकलकर सड़क पर आया और कुछ देर तक वहीं कुंडली मारकर बैठा रहा। स्थिति को भांपते हुए लोगों ने पहले दूरी बनाए रखी, लेकिन धीरे-धीरे मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान, कुछ जागरूक ग्रामीणों ने समझदारी दिखाते हुए भीड़ को सांप के करीब जाने से रोका। ग्रामीणों ने सावधानीपूर्वक लकड़ी और डंडे की मदद से सांप को बिना कोई नुकसान पहुँचाए सड़क से हटाकर पास की झाड़ियों में पहुँचा दिया। राहत की बात यह रही कि उस समय सांप शांत अवस्था में था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, घटना के दौरान लोगों में भय का माहौल बना रहा। इस घटना की सूचना वन विभाग को भी दे दी गई है, ताकि क्षेत्र में ऐसे विषैले जीवों की मौजूदगी पर निगरानी रखी जा सके और आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में अक्सर सांप अपने बिलों से बाहर निकलकर सड़कों और आबादी वाले इलाकों में आ जाते हैं।

## पुलिस ने 3 नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार



चिल्हिया सिद्धार्थनगर। जनपद के शो0 क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में क्रियाशील थानाध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में चिल्हिया थाना पुलिस ने 03 नफर वारण्टीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। एसएसपी डा0 अभिषेक के आदेश के अनुपालन व एएसपी प्रशांत कु0प्रसाद के निर्देशन में व सीओ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षक में दायित्वों के निर्वहन हेतु क्रियाशील राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तह गत रविवार को वाद सं0 31028/23 धारा 323,504,506 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वारण्टी व वाद सं0 309/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी कुल 03 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार 1.कृष्ण देव शुक्ला पुत्र स्व0 रामअधारे निवासी मलपार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर ।2.अनुप पुत्र कृष्णदेव निवासी मलपार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर ।3.रहमुल्लाह पुत्र सफीउल्लाह निवासी बेलवा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया।

# शहरी आशाओं को मिले स्मार्टफोन

### स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटल और सशक्त



श्रावस्ती। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में नव नियुक्त शहरी आशा बहुओं को सैमसंग स्मार्टफोन वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने आशाओं का स्वागत करते हुए उनके दायित्वों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग और समाज के बीच सशक्त सेतु हैं। उन्हें मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव, शत-प्रतिशत टीकाकरण तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना होगा। स्मार्टफोन वितरण से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और तीव्रता आएगी। अब स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों की रियल-टाइम रिपोर्टिंग, विभागीय पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अधिक सुगम हो सकेगा। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ. के.के. वर्मा, अधीक्षक सीएचसी भिनगा, डॉ. अश्वनी लाल मिश्र, एआरओ सुरेश यादव व गोविंद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी को जनसेवा के इस पुनीत कार्य हेतु प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# केवट, मल्लाह, मझवार अनुसूचित जाति के आरक्षण के हकदार

## निषाद पार्टी के प्रांतीय अधिवेशन में डॉ. संजय ने भरी हुंकार ,विशाल रैली निकाल कर मछुआ समाज को एससी आरक्षण की उठायी मांग

जिला संवाददाता




**चरगांवा, गोरखपुर।** मछुआ समाज के लोग तमाम उपजातियों में बंटे है। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के गठन के बाद हमने संकल्प लिया कि हम समाज के लोगों को एकजुट कर समाज के मुख्यधारा में लाएंगे। शिक्षा और राजनीति में बढचढकर भागीदारी से समाज सशक्त होगा।जिन राजनीतिक दलों ने मेरे समाज के लोगों को शिक्षा से वंचित रखा हैं, उनसे सतर्क रहना है। पहले सड़क नहीं था, तो आवागमन नदी के रास्ते हुआ करता था। अंग्रेज भारत पर नदियों के रास्ते आए व अंग्रेजों से निषादों ने मुकाबला किया निषाद राज गुह्य राज ने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु राम को गंगा नदी पार कराए थे।प्रभु राम ने रावण पर विजय प्राप्त किया निषाद जल, जंगल ,जमीन का निवासी हैं व निषाद असली राष्ट्रवादी हैं।उक्त बातें निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डा संजय निषाद ने कही। वे रविवार को गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित निषाद पार्टी के प्रांतीय अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।प्रांतीय अधिवेशन के दौरान निषाद राज गुह्यराज निषाद जयंती मनाई। कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने कहा कि निषाद समाज के लोगों ने देश को आजाद कराया। आपके पुरुखों ने अंग्रेजों से लिखवाया कि हम जल जंगल के वासी हैं। हमे अनुसूचित जाति में आरक्षण दिया जाय। अंग्रेजों ने 1931 में कानून बनाकर हमें अनुसूचित जाति का दर्जा दिया हैं। उन्होंने कहा कि केवट ,मल्लाह,मझवार अनुसूचित जाति के आरक्षण के हकदार हैं। आरक्षण हमारा हक है भीख नहीं है। उन्होने कहा कि मै जिस राज्य में जाता हूं, वहां के राज्य सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखता हूं। जो जातियां कानून से उजड़ गई हैं। उन्हें अनुसूचित जन जाति का आरक्षण देकर उन्हें शिक्षा की सुविधा सुलभ कराई जाए। कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने कहा आपका आवाज हूं, आपका वकील हूं , मछुआ समुदाय के अनुसूचित जाति के आरक्षण के अधिकार की आवाज सदन में हमेशा उठाता रहूंगा ।

संत कबीर नगर के पूर्व सांसद ई० प्रवीण निषाद ने कहा कि सदियों से जल, जंगल, जमीन से जुड़ा मछुआ समुदाय के अनुसूचित जाति आरक्षण का अधिकार दिलाने की लड़ाई निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० संजय निषाद जी के नेतृत्व में एक आधुनिक वैज्ञानिक युग के राज नेता के रूप में लड़ जा रही हैं। मालती निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि,जब समाज एक है,पार्टी एक हैं,,नेता एक है तो अपने नेता निषाद पार्टी के मुखिया डॉक्टर संजय निषाद के नेतृत्व क्षमता से प्रदेश व केंद्र सरकार से मछुआ समुदाय के अनुसूचित जाति आरक्षण लिए निर्णयक समाधान जरूर निकलेगा।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर अमित निषाद ने कहा कि मछुआ समुदाय को मकान, रोजी रोटी व सम्मानपूर्ण जीवन व्यतीत करने के हक की लड़ाई लड़ने का कार्य कोई कर रहा हैं।तो डाक्टर संजय निषाद कर रहे हैं।यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजय निषाद ने सदन में आरक्षण का मुद्दा उठाया था कि मछुआ समुदाय का आरक्षण संविधान में मझवार जाति के नाम से अनुसूचित जाति के आरक्षण श्रेणी में हैं।प्रांतीय अधिवेशन को अन्य राष्ट्रीय, प्रांतीय व जिला कार्यकारणी के पदाधिकारी गण ने संबोधित किया। आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन चौरी चौरा से विधायक ई0 सरवन निषाद ने किया । कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व गोरखपुर के पादरी बाजार संगम चौक स्थित निषाद पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में निषाद राज की जयंती मनाई गई व लगभग तीन हजार से अधिक मोटर साइकिल सवार निषाद पार्टी के युवा कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ विशाल रैली निकाल कर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम स्थल दिग्विजय नाथ पार्क पहुंचे। इस दौरान विधायक अनिल त्रिपाठी, रविन्द्र मणि निषाद, मिठाई लाल निषाद, श्रीमती जनकनंदनी निषाद, बाबूराम निषाद, व्यास मुनि निषाद, श्रवण निषाद, दिवाकर निषाद, राजू निषाद, महेंद्र निषाद, श्रीमती गुंजा निषाद, राजेश निषाद, सूरज निषाद, संजीत निषाद, अनिल निषाद, रघुराई निषाद, सत्यनारायण निषाद, संजय शुक्ला, दीपू जायसवाल, आरती निषाद व शंभु निषाद, संतोष त्रिपाठी, विजय निषाद व सुनील निषाद समेत गोरक्ष प्रांत में निषाद पार्टी के समस्त राष्ट्रीय, प्रादेशिक प्रांतीय एवं समस्त जनपद टीम मौजूद रही।

## भ्रष्टाचार में लिप्त लोग ही सीडीओ पर आरोप लगा रहे : जयचंद्र

इटावा। पार्टी विशेष लोगों ने सीडीओ कार्यालय का घेराव कर ताला जड़ा जो कि दुर्भाग्यपूर्ण, दुखद व अलोकतांत्रिक कदम है। पूरे घटनाक्रम पर डा. जयचन्द्र भदौरिया वरिष्ठ समाजसेवी ने घोर निन्दा की है। डा. भदौरिया ने कहा कि जो राजनैतिक दल भ्रष्टाचार की जन्मदात्री है। उसी के कार्यकर्ता जबरत भ्रष्टाचार करने के लिए मनरेगा जैसे गुणात्मक योजना में जो शत प्रतिशत भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा है उसकी जरूर जांच हो अब जो तथाकथित लोग भुगतान के बारे में कह रहे है कि उन सभी कार्यों का सामाजिक सत्यापन कराने की जिलाधिकारी की जिम्मेदारी को कमेटी गठित कर कमेटी के कार्यों के पुर्नमूल्यांकन कर लें। श्री भदौरिया ने कहा कि लगभग 80 वर्षों से अवैधानिक कार्य कर रहे थे और कुछ लोग सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके खेती कर रहे थे। अभी तक किसी भी जिलाधिकारी ने निर्णय नहीं लिया था लेकिन वर्तमान में जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करने के जो निर्देश दिए है।

## महिला की हत्या का खुलासा, पति समेत 3 गिरफ्तार



इटावा। पुलिस द्वारा महिला की हत्या करने वाले 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। महिला के पति व परिवारीजन ने मिलकर की थी हत्या। मृतिका का की-पैड मोबाइल, गमछा व टूटी हुई चूड़ियां, कड़े के टुकड़े बरामद। थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह थाना वैदपुरा ने बताया कि 21 मार्च को वादी विनोद कुमार पुत्र पृथ्वीपाल निवासी ग्राम कधिया थाना असोधर जनपद फतेहपुर द्वारा थाना वैदपुरा पर तहरीर दी गयी कि वादी की बहन सोमवती की शादी 10 वर्ष पूर्व मनोज पुत्र स्व. फूल सिंह के साथ हुई थी। मनोज एवं उसके परिवारीजनों द्वारा शराब के नशे मे घर के बंटवारे को लेकर उकसावे मे आकर वादी की बहन की हत्या कर साक्ष्य छिपाने व गुमराह करने के उद्देश्य से शव को लटका दिया गया तथा वादी के भांजे पंकज को धमकी दी गयी। थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 3 अभियुक्तों को रेलवे लाइन अंडरपास के पास नगला झम्मन नहर पटरी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम मनोज पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा, शिवेन्द्र उर्फ सिंकू पुत्र रनवीर निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा, पवनेश पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा बताया।

## गीडा थाना परिसर में शिफ्ट हुआ क्षेत्राधिकारी कार्यालय

गीडा/पिपरौली, गोरखपुर। गीडा क्षेत्र की जनता और फरियादियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव हुआ है। क्षेत्राधिकारी गीडा का कार्यालय, जो अब तक सहजनवा तहसील परिसर के प्रथम तल पर अस्थायी रूप से संचालित हो रहा था, अब स्थायी रूप से गीडा थाना परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया है। शुक्रवार को थाना परिसर में निर्मित सीओ कार्यालय का पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद कार्यालय को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए तैयार किया गया। रविवार से यह कार्यालय पूर्णतः क्रियाशील हो गया है, जिससे अब क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तहसील की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। स्थानांतरण के पश्चात क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र सिंह ने कार्यभार संभालते हुए बताया कि कार्यालय के थाना परिसर में आने से पुलिसिंग और जनता के बीच के समन्वय में और सुधार आएगा।

# अमन-चैन के माहौल में अदा हुई ईद की नमाज



पिपरौली,गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के कस्बा पिपरौली बाजार स्थित ईदगाह परिसर में शनिवार को ईद का पर्व पूरे उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। शासन-प्रशासन की कड़ी निगरानी और मौजूदगी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिद्दत और अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, गीडा एसएचओ अश्वनी कुमार पाण्डेय, पिपरौली चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, हाफिज सकलैन, हाफिज माबूद, हाफिज इरशाद, सेराज आलम, फखरुद्दीन अंसारी, इकरार खान, मोहम्मद सैफ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। ईद के इस पावन मौके पर क्षेत्र में भाईचारे, शांति और एकता की मिसाल देखने को मिली।

## नमाज अदा कर उल्लास पूर्वक मनाया गया ईद का त्योहार



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार व भोपा बाजार मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर उल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिल खुशियां मनाई। क्षेत्र के मुंडेरा बाजार स्थित जामा मस्जिद तथा भोपा बाजार स्थित मस्जिद व ईदगाह पर शनिवार की सुबह लोग विधि विधान से पहुंच कर ईद की नमाज अदा किए। मस्जिद के बाहर सजाये गये मिठाइयों की दुकानों का भी लोगों ने आनन्द उठाया। बच्चों ने मिठाइयों के साथ ही साथ गुब्बारे आदि की भी खरीदारी करते देखे गए। नमाज बाद लोग एक दुसरे से गले मिले ।और शुभकामनाएं देते हुए ईद की बधाइयां दी। उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी चौरीचौरा वेदप्रकाश शर्मा, नगर अध्यक्ष चौरीचौरा सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता, मुन्ना भूज, तथा नगर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से भारी भरकम पुलिस के साथ पुलिस व्यवस्था काफी चुस्त-दुरुस्त देखी गई।

## ईद की नमाज अदा कर, एक दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद



उरुवा, गोरखपुर। ईद-उल-फितर (ईद) का त्योहार शनिवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रौजादरगाह स्थित ईदगाह पर क्षेत्र के मरवटिया, भवनियापुर, देवराजपार, बिरई बुजुर्ग, रौजादरगाह, हमीदपुर, मुबारकपुर, पहाड़पुर, धुरियापार, रामपुर, ककरही, बरपारमाफी, देवापार सहित दर्जनों गांवों के नमाजियों का सुबह साढ़े सात बजे ईदगाह पर आने का सिलसिला शुरू हो गया। और तय वक्त पर ईद की नमाज अदा की गई। नमाज खत्म होने के बाद ईदगाह के बाहर एक दुसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों ने ईदगाह के बाहर लगी मिले की खरीदारी करने लगे और एक दूसरे से मिलने लगे। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ मोहसिन खान, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, मुफ्ती शरीफूल हसन खान, मिर्जा कदीर बेग, रशीक खान, तौफीक खान. अरुण त्रिपाठी, नन्हे दुबे, पंचम यादव, डॉ अक्षयबर रंजन, विंध्याचल यादव, राजू खान, काजू खान सहित अनेक लोगों ने ईद मुबारक दी।

## सामूहिक विवाह से बंधे 16 जोड़े, सामाजिक एकता का संदेश



जसवंतनगर, इटावा। भारत विकास परिषद संस्कार शाखा द्वारा आयोजित पंद्रहवां सामूहिक कन्या विवाह समारोह रविवार को मंचीय रामलीला परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव ने शिरकत कर 16 वर-वधू जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन न केवल पुण्य कार्य हैं, बल्कि समाज में एकता और समरसता का संदेश भी देते हैं। इसमें जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने समिति को 21 हजार रुपये की नगद भेंट भी प्रदान की और भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संस्था के अध्यक्ष हरीमोहन राजपूत एवं विवाह संयोजक श्याममोहन गुप्ता ने बताया कि परिषद पिछले 14 वर्षों से निरंतर इस आयोजन को करती आ रही है और अब तक 350 से अधिक कन्याओं का विवाह संपन्न करा चुकी है। समारोह में नगर के अनेक दानदाताओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विशेष सहयोगियों में अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, कमलनयन कोल्ड स्टोरेज, राहुल गुप्ता, अजेंद्र गौर, विनोद यादव, विकास यादव सहित संस्था के सचिव मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष गणेश यादव, विवाह प्रभारी राजवीर सिंह यादव एवं जवाहरलाल शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम मेनका पुत्री संदीप कुमार तथा पैन कार्ड पर मेनका पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है जबकि मेरे सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र/अंक पत्र पर मेरा नाम मेनका पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है, दोनों नाम प्रार्थिनी का ही है।

**मेनका निवासी भगवानपुर, सरोई, संत रविदास नगर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम WASHIQ AHAMAD पुत्र KAFEEL AHAMAD व जन्मतिथि 03.04.2003 पता ग्राम व पोस्ट कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न0 N2367605 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश WASEEK AHMAD पुत्र KAFEEL AHMAD व जन्मतिथि 25.10.2002 पता परवर अंकित हो गया है,जबकि प्रार्थी का सही नाम WASHIQ AHAMAD पुत्र KAFEEL AHAMAD व जन्मतिथि 03.04.2003 पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। वशीक अहमद पुत्र कफील अहमद निवासी सेमरी रोड कूरेभार पो. व थाना कूरेभार (228151) जनपद सुल्तानपुर शपथ पत्र संख्या-UP29657316503148y

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम ZUBAIDA KHATOON पुत्री LAIKH AHMAD व जन्मतिथि 20.05.2005 व पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न0 M1628525 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश ZUBAIDA पुत्री LAEEKH AHMED SAMEER AHMED व जन्मतिथि 15.03.2004 पता ग्राम परवर पो. कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित हो गया है,जबकि प्रार्थी का सही नाम ZUBAIDA KHATOON पुत्री LAIKH AHMAD व जन्मतिथि 20.05.2005 व पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। जुबैदा खातून पुत्री लईख अहमद निवासी सेमरी रोड कूरेभार पो. व थाना कूरेभार(228151) जनपद सुल्तानपुर शपथ पत्र संख्या-UP54859669009990Y

## महाविद्यालय में सफाई अभियान के साथ शहीद दिवस मनाया

उन्नाव। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीसी द्वारा शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर डीएसएन महाविद्यालय उन्नाव में स्थापित शहीदों की प्रतिमा व प्रांगण की सफाई, धुलाई कर शहीदी दिवस मनाया गया। जिन व्यक्तियों के अथक प्रयासों व बलिदानों के कारण आज हम स्वतन्त्र भारत में निवास कर रहे है, उनकी यादगार में स्मारक व मूर्तियां तो बना दी जाती है लेकिन उनकी साफ-सफाई की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। इन महान व्यक्तियों, देशप्रेमियों व शहीदों की शहादत को नमन करने के लिए उनकी मूर्तियों व स्मारकों की साफ-सफाई करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। देश की रक्षा के लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। डीएसएल महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर विपिन सिंह ने बताया कि कल दिनांक 23 मार्च 2026 को प्रातः 9रू45 बजे एनसीसी ग्राउंड गाँधी नगर तिराहे से शास्त्री पार्क सदर विधायक आवास हरदोई पुल तक माय भारत व एनसीसी के बैनर तले शहीदी दिवस पर पद यात्रा निकलेगी। इस अवसर पर दीपेंद्र सिंह मण्डल अध्यक्ष, सचिन, विशाल सार्थक विनय, अभय आदि लोग उपस्थिति रहे।




# बक्सर धाम पर स्थित मां चंद्रिका

## उत्तरवाहिनी गंगा प्रवाहित होने से इसे काशी समान दर्जा प्राप्त है

रज्जन तिवारी

पाटन, उन्नाव। चैत्र मास के नवरात्रि के प्रथम दिन से ही शक्तिपीठ मां चंद्रिका, अंबिका देवी दरबार में भोर पहर से श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया, जो देर रात तक अनवरत चल रहा है। श्रद्धालु पतित पावनी गंगा मां मे स्नान कर विधि विधान से चंद्रिका देवी मंदिर में स्थापित मां चंद्रिका व मां अंबिका देवी के दर्शन कर कर रहे है। धाम में अनेकों मंदिर बने हुए हैं जिसमें देवी देवताओं व अन्य मूर्तियां स्थापित हैं। चंडिका देवी मंदिर में दो मूर्तियां स्थापित है जिन्हें चंद्रिका व अंबिका के रूप में माना जाता है। चंद्रिका धाम की सीढियों से सटकर हमेशा गंगा का जल प्रवाहित होता है, वैसे तो धाम में हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है किंतु यह भीड़ नवरात्रि के पवित्र अवसर पर बढ़ जाती है। नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर कानपुर, रायबरेली, फतेहपुर, इलाहाबाद, बांदा, कौशांबी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में प्रतिदिन तीनों पहर आरती व मां का श्रृंगार होता है। प्रातः मंदिर में 5:00 बजे आरती जो दोपहर और शाम को भी नियम पूर्वक होती है। मां के दरबार में जो भी सच्चे मन से आता है उसकी मुरादे अवश्य पूरी होती हैं शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी धाम का पुराणों में भी वर्णन हुआ है। यहां पर तपस्वी वक्र ऋषि का आश्रम था। कहा जाता है कि इन्हीं के नाम पर इस ग्राम का नाम बक्सर पड़ा था। यहां गंगा कुछ समय के लिए उत्तर मुखी प्रवाहित होने के कारण इस स्थान को काशी की तरह पवित्र माना जाता है। जिस स्थान पर मेघा ऋषि ने राजा सुरथ को दुर्गा सप्तशती सुनाई थी। इस स्थान पर भगवान श्री कृष्ण के भाई बलराम ने भी माथा टेका था। वहीं पर मां चंडिका देवी के विग्रह स्थापित किए गए थे। स्थापित दोनों विग्रह मां चंडिका व अंबिका के रूप में माने जाते हैं।



## खाली सिलेंडर लेकर डीएम आवास पहुंचे लोग,एक सप्ताह से बुकिंग के बावजूद गैस नहीं मिली

इटावा। एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर लोगों का गुस्सा उस समय सामने आ गया, जब रविवार को करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग खाली गैस सिलेंडर लेकर जिलाधिकारी आवास पहुंच गए। एक सप्ताह से ज्यादा समय से बुकिंग के बावजूद गैस न मिलने से नाराज लोगों ने डीएम से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी और कर्मचारियों ने समझाकर वापस भेज दिया। मौके पर मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गैस न मिलने की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। शहर में एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी समस्या को लेकर शहर के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग मोटरसाइकिल और स्कूटी पर खाली गैस सिलेंडर लेकर जिलाधिकारी आवास पहुंच गए। यह तस्वीरें सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई है। लोगों का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले ही गैस बुकिंग कर दी थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है, जिससे घर का कामकाज प्रभावित हो रहा है। शिकायत लेकर पहुंचे लोगों ने जिलाधिकारी से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मुलाकात का मौका नहीं मिला। डीएम आवास पर मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया।

## मूकबधिर महिला कांड: दोषियों को कड़ा दंड दिया जाये

इटावा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रेसव्यान जारी करते हुए उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविधालय सैफई में 5 माह से भर्ती मानसिक रोगी-गूंगी-बहरी महिला के साथ लगातार होते आ रहे बालात्कार की घटना की कडी निंदा करते हुए मानव सभ्यता पर कलंकपूर्ण घटना बताया, जिसके लिए कुलपति के निलम्बन और नैतिकता के आधार पर राज्य के स्वास्थय मंत्री के इस्तीफा, हाईकोर्ट की निगरानी में जांचकर जिम्मेदारों दोषियों को उदाहरणीय दण्ड देने और एसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर उपाय करने की मांग उ.प्र. शासन की है। माकपा राज्यमंत्रिपरिषद सदस्य मुकुट सिंह एवं जिलामंत्री नाथूराम यादव ने संयुक्त ब्यान में आगे कहा कि इस शर्मनाक और जघन्य अपराधपूर्ण घटना के लिए विश्वविधालय, अस्पताल प्रबंधन जिम्मेदारी से बच नही सकता है। इससे शासन की घोषणाओ और कानून और व्यवस्था की पोल पटटी भी खुल गयी है।

# नवरात्र पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 15 नमूनों की जांच, कई दुकानों को नोटिस



जिला संवाददाता

**उन्नाव।** आगामी चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर आमजन को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 मार्च को जनपद में विभिन्न स्थानों से कुल 15 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई व मानकों में कमी पाई गई, जिस पर संबंधित कारोबारियों को सुधार हेतु नोटिस जारी किए गए। वहीं कुछ स्थानों से खाद्य सामग्री जब्त कर उसकी गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। अभियान के तहत किराना स्टोर, मिष्ठान भंडार और अन्य दुकानों से पनीर, घी, नमकीन, बेसन, मूंगफली दाना, लड्डू, रिफाइंड ऑयल सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय प्रियंका सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम में आशीष वर्मा, उपासना साह, अनिल कुमार कटियार, राजेन्द्र प्रसाद, पल्लवी शर्मा, आकांक्षा जायसवाल एवं रुचि बाजपेयी शामिल रहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## हिंदू नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित किया




उन्नाव। राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच के तत्वावधान में होली मिलन एवं हिन्दू नववर्ष अभिनन्दन समारोह का आयोजन ए०जी० फार्म, मगरवारा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन व शंखनाद के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ० मनोज श्रीवास्तव व संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष उमा निवास बाजपेयी ने किया। अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला, एडवोकेट ने कहा कि सवर्ण समाज को जातिगत आरक्षण आदि व्यवस्थाओं के समापन के लिये एकजुट होना पड़ेगा और इसी से देश में जातिवाद का उन्मूलन होगा। उन्होने कहा कि अब सरकारें जातिवाद को कागजों पर जिन्दा नहीं रख सकेंगी क्योंकि समाज जाग चुका है। राष्ट्रीय महामंत्री प्रमोद सिंह सेंगर ने अपने वक्तव्य में कहा कि सवर्णों की आपसी एकजुटता से सनातन धर्म व राष्ट्र सशक्त बनेगा। सवर्ण समाज के लोगों ने नव संवत्सर की शुभकामनाओं को संप्रेषित करते हुये संकल्प लिया कि समाज में समरूपता, एकता लाने के लिये जातिगत आरक्षण व हर जाति आधारित व्यवस्था यू०जी०सी० के काले नियमों के समापन के लिये तथा राष्ट्रहित में सवर्ण समाज की एकता के लिये संकल्प लिया। समारोह में प्रेम कुमार सिंह सेंगर, डॉ० विनय शंकर दीक्षित आशु, ओ० पी० तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्र, सोनी अवस्थी शुक्ला, राहुल राम द्विवेदी, राकेश तिवारी श्राहीश, पवन निगम, नीरज निगम, योगेन्द्र सिंह, सोमनाथ तिवारी, राकेश सिंह, प्रत्यूष दीक्षित, दीपू मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पिता की मौत

इटावा। चकरनगर क्षेत्र के नगला कढोरी गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में 42 वर्षीय शिवकुमार की मौत हो गई, जबकि उनका 13 वर्षीय बेटा अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे का अस्पताल में इलाज जारी है और घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के गिरधारीपुर निवासी शिवकुमार अपने बेटे अर्पित के साथ कसौआ गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद शाम करीब 6 बजे दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। नगला कढोरी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक दोनों सड़क पर ही पड़े रहे और एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस के जरिए दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर राघवेंद्र सिंह ने जांच के बाद शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल बेटे अर्पित का इलाज जारी है। बेटे ने बताया कि परिवार में दो भाई और एक बहन हैं।

संक्षेप

## घर में घुसकर मारपीट, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के भुडवारा में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भुडवारा निवासी मायाराम पुत्र बृजलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च की शाम करीब 7 बजे अमित पुत्र रामऔतार, सरोज पुत्र रामऔतार, प्रदीप पुत्र रामऔतार और रामऔतार पुत्र माखनलाल उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी पुत्री गूडा देवी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने मायाराम, सविता, रामनरेश, दिनेश और गूडा के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे सभी को चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमित, सरोज, प्रदीप और रामऔतार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चैती मेले में 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति के आदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा की गई 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग को प्रशासन ने मंजूरी दे दी है। मेले की शुरूआत से पहले ही विद्युत व्यवस्था को लेकर आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल (रिंकू) ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में मेले के दौरान चैबीसों घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि इस मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं और देर रात तक भीड़ बनी रहती है, ऐसे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बेहद जरूरी है। इस मांग पर संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग ने 132 केवी प्राथमिक उपकेंद्र गोला से पोषित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गोला टाउन से निकलने वाले 11 केवी फीडर नंबर-1, फीडर नंबर-4 तथा शिव मंदिर फीडर पर 6 अप्रैल 2026 की रात 12 बजे तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश जारी कर दिए हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन के इस कदम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित होंगी।

## करंट लगने से युवक की मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के निमचैना गांव में शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव निवासी 38 वर्षीय महेंद्र कुमार (पुत्र बलटर) भगवती माता की पूजा के दौरान करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार, मंदिर प्रांगण में जनरेटर से जुड़ी लाइट की पाइप में करंट उतर आया था। ग्रामीण रोशन ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने पहले ही करंट का खतरा देखते हुए महेंद्र को वहां जाने से मना किया था। यहां तक कि हादसे से पहले एक कुत्ता भी करंट की चपेट में आ चुका था, लेकिन इसके बावजूद महेंद्र वहां पहुंच गए और हादसा हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में ग्रामीण उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पलिया पुलिस ने की गैंगस्टर व कुर्की की कार्रवाई



पलियाकलां खीरी। थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 394/25 धारा 2(बी)(2)/3 उ०प्र० गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 मे नामित अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता नि0ग्राम थारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया द्वारा पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध रूप से अर्जित की गई। चल-अचलसम्पत्ति कुल 40,30,000/- ( चालीस लाख तीस हजार रुपये )रुपये जिला-मजिस्ट्रेट खीरी के आदेश पर संपत्ति कुर्क की गई है।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता नि0ग्राम थारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया जनपद खीरीद्वारा बड़े स्तर पर पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है। इस गिरोह से पूर्व में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी भी गई थी । अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करबड़ी मात्रा में अवैध सम्पत्ति अर्जित की गई है जिनके द्वाराकाफी धन अपनी सुख सुविधाओं में खर्च किया जा चुका है। अवैध सम्पत्ति को उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किये जाने हेतु ख्याति गर्ग, पुलिस अधीक्षक खीरी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोतवाली पलिया व थानाध्यक्ष थाना सम्पूर्णानगर द्वारा अभियुक्तगण की चल-अचल सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई थी । रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट जनपद लखीमपुर खीरी के वाद संख्या 608/2026 18.03.2026 द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता उपरोक्त द्वारा अपराध घटित करके अवैध रूप से अर्जित की गयी चल-अचल सम्पत्ति को जब्त / कुर्क करने का आदेश निर्गत किया गया था। उपरोक्त आदेश के क्रम में आज 22.03.2026 को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 01 मकान जो 1100 वर्गफीट( गाटा संख्या 748 रकबा 0.664 हे0 ) के प्लाट जो गैंग सदस्य बसन्ती गुप्ता उपरोक्त के नाम दर्ज है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40,30,000/- रूपया की अचल सम्पत्तिकुर्क करने की कार्यवाही सम्पादित की गई है।

## निर्माण कराने पर प्रधान पति पर मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। विकास खंड मितौली की ग्राम पंचायत खम्हरिया में खराब पड़े मार्ग का निर्माण करवाना प्रधान पति के लिए मुश्किलों का कारण बन गया। जहां एक ओर ग्रामीणों की सुविधा के लिए सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

वहीं दूसरी ओर इस पहल पर ही विवाद खड़ा हो गया और प्रधान पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में लंबे समय से सड़क जर्जर अवस्था में थी, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए प्रधान पति ने मार्ग के निर्माण का कार्य शुरू कराया।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क बनने से गांव में काफी राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन इसी बीच गांव के निवासी प्रेम ने अपने मकान के पास खड़ंजा ऊंचा लगाए जाने का विरोध किया, जिसको लेकर दीपू और प्रेम के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर प्रेम की पत्नी आरती ने थाने पहुंचकर प्रधान पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। इस घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। एक ओर जहां कुछ ग्रामीण प्रधान पति के समर्थन में खड़े हैं और इसे विकास कार्य में बाधा बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शिकायत करने वाले पक्ष द्वारा कार्रवाई की मांग की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सकेगी।

## सनातन ब्राह्मण समाज ने नामित सभासदों का किया सम्मान

सीतापुर। सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा शहर के गल्ला मंडी स्थित शिव शक्ति मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामदत्त मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के जयघोष व पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बैठक में उत्कृष्ट सेवा के आधार पर सभासद नामित किए गए समाज के सदस्य राम प्रकाश पाण्डेय एवं विजय कुमार शुक्ला को कन्हैया लाल शुक्ला ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले विवाह समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि विवाह के लिए जोड़ों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो चुका है और सभी पदाधिकारी मिलकर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दें। बैठक के अंत में मंडल उपाध्यक्ष आकाश राय ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से रामदत्त मिश्रा, आकाश राय, दिनेश मिश्रा, कन्हैया लाल शुक्ला, कमलेश पाण्डेय, प्रभात तिवारी, राम प्रकाश पाण्डेय, प्रतीश चंद्र मिश्रा, राम शंकर मिश्रा, जीवेश रत्न तिवारी, विजय कुमार शुक्ला, मयंक तिवारी, कैलाश नाथ शुक्ला, मनोज तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## किशोरी हत्याकांड में न्याय की गुहार मां ने उठाए कई सवाल

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पीड़िता की मां ने शपथ पत्र के माध्यम से अपनी बेटी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है और मामले में कई अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका जताई है। शपथ पत्र के अनुसार 14 वर्षीय किशोरी बीते 24 फरवरी को अचानक लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद 4 मार्च को किशोरी का शव एलआरपी चौकी के अंतर्गत एक खेत में बरामद हुआ। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। इस जघन्य वारदात के बाद पुलिस ने एक आरोपी आनंद मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, पीड़िता की मां का आरोप है कि इस मामले में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, लेकिन पुलिस केवल एक ही आरोपी पर कार्रवाई कर रही है और बाकी संदिग्धों को बचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी प्रभावशाली लोगों से संबंध होने की बात कहकर दबाव बनाता था, जिसके चलते पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लापरवाही बरत रही है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सभी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस संवेदनशील मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एएमआरड्यूटी कार्य में बाधा का विरोध करने पर हमला, 6 नामजद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में एएमआरड्यूटी 2.0 योजना के तहत चल रहे कार्य में बाधा का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कई नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के भूतनाथ मंदिर के सामने निवासी अखिलेश तिवारी पुत्र दिनेश कुमार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च की सुबह करीब 11.30 बजे नीलकंठ मैदान के सामने चल रहे कार्य के दौरान कुछ लोग कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि बाद में जब वह जल निगम के जेई के साथ समझाने पहुंचा, तब हर्ष अवस्थी निवासी कुम्हारन टोला, गुलजार अहमद निवासी भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग, राहुल भदौरिया, सौरभ दीक्षित, भालू शुक्ला, अजीत पाण्डेय व उनके 4-5 अज्ञात साथियों ने एकजुट होकर उस पर लात-घूंसे और डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया गया। पीड़ित के अनुसार घटना में उसे शरीर पर कई चोटें आई हैं और आरोपियों ने जान-माल की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हर्ष अवस्थी, गुलजार अहमद, राहुल भदौरिया, सौरभ दीक्षित, भालू शुक्ला, अजीत पाण्डेय व अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद ने संविधान की दी जानकारी



लखीमपुर खीरी। होली ईद मिलन समारोह और संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बेहजम ब्लॉक के गांव खजुहा में कांग्रेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा पूर्व सांसद, डॉक्टर पूर्वी वर्मा, आफताब अहमद, डॉक्टर अंकित वर्मा, मोहित गुप्ता, सैफ अली एड, उमेश मिश्रा, विनय अवस्थी, कलीम अहमद, शिव भगवान श्रीवास्तव सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने अमेरिकी अमेरिका के साथ ट्रेड डील की है जिसके तहत देश के किसानों और मजदूरों को निधन कर दिया जाएगा। भारत पर अमेरिका का पूरा कब्जा बना रहेगा। खाद्य उत्पादकों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। वाले समय में देश के सामने आर्थिक समस्या खड़ी होगी। लोग अपनी आर्थिक समस्या का समाधान नहीं कर पाएंगे। कांग्रेस सरकार ने देश और समाज को जोड़ने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी देश को तोड़ने और समाज को तोड़ने का काम कर रही देश के अंदर नफरत का बाजार खोल रही कांग्रेस देश में मोहब्बत की दुकान खोलने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी इसके लिए संघर्ष कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन रामपाल शाक्य कोऑर्डिनेटर 140 श्रीनगर विधानसभा ने किया।

## स्वयंसेवकों ने चीनी मिल का भ्रमण कर सीखी उत्पादन प्रक्रिया



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न शैक्षणिक व व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन की शुरूआत योग क्रिया से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों को बजाज चीनी मिल, गोला देहात का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान गन्ना समिति के सचिव बलवंत चैधरी ने मिल के संस्थापक जमुनालाल बजाज के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान से अवगत कराते हुए स्वयंसेवकों को सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। वहीं मिल के इंजीनियर अनिल कुमार मिश्रा ने गन्ने की मापतौल, पेराई, शुद्धिकरण और क्रिस्टलीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से चीनी उत्पादन की पूरी जानकारी दी। इस दौरान स्वयंसेवकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे।

भोजनावकाश के बाद द्वितीय सत्र में बजाज पब्लिक स्कूल में आपदा प्रबंधन एवं करियर काउंसलिंग पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित स्वयंसेवक हाजरा फातिमा और शोभित कुमार ने सांप व कुत्ते के हमले से बचाव के उपाय बताए। आपदा मित्र शिव शंकर, सौरभ सिंह और शोभित कुमार ने सीपीआर, बाढ़ से बचाव समेत विभिन्न आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक तरीके समझाए।आपदा मित्र सुरभि सिंह ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की जानकारी दी। वहीं करियर काउंसलिंग सत्र में डॉ. अनिल कुमार यादव ने विभिन्न सेवाओं, रोजगार के अवसरों और आजीविका के साधनों पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवक पारस मौर्य ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

अंत में प्रश्नोत्तरी, लक्ष्यगीत और राष्ट्रगान के साथ सत्र का समापन हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. योगेश कनौजिया, सुनील कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत



सीतापुर। कमलापुर थाना क्षेत्र के कम्हरिया पुल पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान दीपक (19) पुत्र रामू निवासी चैड़िया कोठार थाना रामपुर कलां तथा इंद्रराज (20) पुत्र प्यारेलाल निवासी तेलाईगांव थाना सिधौली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक शनिवार शाम को लेबर लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। थाना प्रभारी इतुल चैधरी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, नाबालिग चालक गंभीर

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के नेवदिया गांव के पास पिसावां-मिश्रिख मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि नाबालिग बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, खेत जा रही नेवदिया निवासी जगदेई (50) को तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक चला रहा 15 वर्षीय आयुष (पुत्र रामविलास), निवासी भिठौरा, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान जगदेई की मौत हो गई, जबकि आयुष की हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दो बाइकें आमने-सामने भिड़ीं, चार घायल

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव के पास सिधौलीद्यमिश्रिख मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, मिश्रिख की ओर से आ रही अपाचे बाइक ने सामने से आ रही टीवीएस मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टीवीएस बाइक पर सवार चमन पुत्र कल्लू और सौरभ सिंह पुत्र लालता सिंह निवासी मुरहाडीह सहोली में से चमन घायल हो गए। वहीं अपाचे बाइक पर सवार महफूज पुत्र नसीर, शाहवेज पुत्र अब्दुल हमीर और सिराज पुत्र रियाज निवासी गढ़ीरावा अटरिया भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही संदना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा भेजा। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई ईद-उल-फितर की नमाज



पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। करौंदा ईदगाह में सुबह करीब 9 बजे पेश इमाम मौलाना मुबारक खान ने ईद की नमाज अदा कराई, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद ईद की नमाज अदा कर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और मुल्क की तरक्की, अमन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं।

करौंदा ईदगाह नमाजियों से खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर हाफिज अफजल खान, नब्बन खान, रहीस खान, बकाउल्ला खान, मोहम्मद एहसान, चांद मियां, हाजी पुत्तन खान, लड्डुन खान सहित कई लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के करौंदा, पिपरिया कप्तान, बसखेड़ा, चठिया, उमरपुर, रामपुर मदारी, मूडानिजाम, पड़सर, छेड़ीपुर सहित विभिन्न गांवों में भी निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। मूडानिजाम चौकी इंचार्ज विक्रांत चौधरी, कांस्टेबल रोहित पटेल, सुधांशु चौधरी, संदीप कुमार तथा रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल शशि कपूर, करनवीर सिंह, अभिषेक कुमार समेत पुलिस बल तैनात रहा।

## सिंगाही-सिंधोना मार्ग की जर्जर सड़क पर भड़के ग्रामीण, आज सौंपेंगे ज्ञापन

सिंगाही खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के सिंगाहीझसिंधोना मार्ग की जर्जर हालत से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार बनी इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें पानी भर जाने से स्थिति और भी भयावह हो गई है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत न होने से आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना बारिश के भी सड़क पर जलभराव बना रहना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है। न तो सड़क की मरम्मत कराई जा रही है और न ही जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। इन्हीं समस्याओं को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि सोमवार को निघासन उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग करेंगे। साथ ही ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग भी उठाई जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न किसी भी जन असुविधा या कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान शिवराज कनौजिया, भूतपूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा, प्रधान प्रत्याशी नेवल किशोर, सुधीर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, दामोदर प्रसाद भार्गव, मेलाराम वर्मा, इंदरपाल, ब्रार, सुरजीत, जयपाल यादव, प्रघट सिंह, पूर्व प्रधान जोरा सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों की सहमति से यह निर्णय लिया गया।

## जाति जनगणना सामाजिक-आर्थिक बदलाव की कुंजी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। मनरेगा बचाओ यात्रा का समापन आज रामकुंड ग्राम सभा में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने कहा कि जाति जनगणना देश के सामाजिक और आर्थिक बदलाव की कुंजी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करने की साजिश कर रही है, जबकि यह योजना ग्रामीण गरीबों की जिंदगी बदलने के लिए बनाई गई थी।

सांसद ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक और अन्य दलों के नेता मनरेगा जैसे अहम मुद्दे पर चुप हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दलितों और मुसलमानों पर हमले बढ़े हैं और सरकार के संरक्षण में दबंग सक्रिय हैं, ऐसे में सरकार को बदलना जरूरी है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह ने कहा कि मजदूरों और किसानों की स्थिति सुधारने के लिए मनरेगा को बचाना जरूरी है। वहीं कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ आर पी बर्मा ने बताया कि सात दिवसीय यात्रा के दौरान 43 ग्राम सभाओं में बैठकें हुईं और 3216 परिवारों का पंजीकरण कराया गया। सभा को संबोधित करते हुए रोशनी गुप्त ने कहा कि भाजपा मनरेगा को समाप्त करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इसे बचाने के लिए निर्णायक संघर्ष करेगी। वहीं मजरूल ने आरोप लगाया कि भाजपा जनपक्षधर कानूनों को खत्म कर रही है और जनविरोधी कानून थोप रही है। सुनीला रावत ने मनरेगा मजदूरों से संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की। समापन संबोधन में डॉ बृजबिहारी ने क्षेत्रीय नेतृत्व पर जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और सपा दोनों भय और दोहन की राजनीति कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान आगामी 28 मार्च को बिसवां के बहेरवा में संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन आयोजित करने की भी घोषणा की गई।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 15 गिरफ्तार



सीतापुर। पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदातों का खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना तंबौर क्षेत्र में हाल ही में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने मध्य प्रदेश के 15 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 6,57,500 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी लहरपुर आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना तंबौर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने 22 मार्च को कार्रवाई करते हुए आरोपियों को चैकी दलपतपुर क्षेत्र में पकरिया पुरवा मार्ग के तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मुख्य आरोपीः जालिम, शिकारी, लोटन, शिवकपूर, सितकुमार, नसीब, महक सिंह, शालू सिंह, दानवीर, दनीराजा आदि शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य संगठित तरीके से अलग-अलग जिलों में डेरा डालते थे। दिन में इलाके की रेकी करते और मौका मिलते ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी से मिले पैसे आपस में बांट लिए जाते थे, जबकि बाकी रकम गिरोह के सरगना जालिम के पास जमा रहती थी। इस गिरोह के खिलाफ सीतापुर के तंबौर, रेउसा और बिसवां थानों के साथ ही श्रावस्ती और हरदोई जनपदों के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर सभी आरोपियों का चालान न्यायालय भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया गया है। इस सफल खुलासे पर लखनऊ जोन के एडीजी, आईजी रेंज और पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत किया गया है।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अमेठी

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक 1284/14ए0/2026 दिनांक 18.03.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के 'ए' 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | लागत रू. लाख में | धरोहर धनराशि रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | (प्रथम आमंत्रण) | | | | |
| 1 | प्रा.ख. अमेठी | जनपद अमेठी में निरीक्षण भवन गौरीगंज के विशेष मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 02 माह |
| 2 | प्रा.ख. अमेठी | जनपद अमेठी में सिथत ट्रान्जिट हास्टल टाइन-1 के आवासों के विशेष मरम्मत का कार्य | 17.00 | 1.70 | 944 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेंट बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 24.03.2026 से 04.04.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 04.04.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे के उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी

UPID-248735 Date: 20.03.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी लापता

जौनपुर ।सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया है।काफी खोजबीन के बावजूद जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित मां ने शनिवार की शाम थाने पहुंचकर तहरीर दी ।बताया जा रहा है कि किशोरी बीते सोमवार को अचानक घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस की शरण लेनी पड़ी ।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेरी, राजेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है।पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही किशोरी को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नहीं रहे मशहूर शायर निसार जफराबादी

जौनपुर ।जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यद अलीपुर निवासी मशहूर व मारूफ शायर निसार अहमद का



रविवार की सुबह जफराबाद स्थित उनके आवास पर सुबह 5 बजे निधन हो गया जिसकी खबर सुनते ही लोगो में शोक की लहर दौड़ पड़ी, उनके घर पर श्रद्धांजलि देने के लिए लोग उमड़ पड़े, जफराबाद से एक हस्ती और इल्म का खजाना चला गया उनका एक शेर आज भी चर्चा में है , विलादते बादे अजान,शहादते बादे नमाज ,बस इतनी देर का झगड़ा है ,जिंदगी क्या है , और तमाम लोगों ने उनकी लिखी हुई किताबों पर चर्चा भी करते रहे उनके पुत्र शाहिद अंसारी ने बताया कि रात में सुपुर्द खाक किया जाएगा ।उनके घर श्रद्धांजलि देने वालों में डॉक्टर हैदर रजा आब्दी, कलामुद्दीन अंसारी, संदीप सेठ पूर्व अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज शीतला प्रसाद गिरी आदि लोग रहे।

## सहायक प्रोफेसर की परीक्षा हुई

जौनपुर ।पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर (संविदा) के 14 पदों के लिए लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।यह परीक्षा प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिक अध्ययन एवं शोध संस्थान में आयोजित की गई थी।कुल 14 पदों में से 9 बीकॉम और 5 फामेर्सी के लिए थे।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह भी लगातार केंद्र पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी की।परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश, जांच और बैठने की प्रक्रिया समय पर सुनिश्चित की गई।विश्वविद्यालय प्रशासन की सतर्कता और सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## नवरात्र के चौथे दिन भक्तों से पटा विंध्य क्षेत्र

मीरजापुर। नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को भक्तों ने मां विंध्यवासिनी का कुष्मांडा स्वरूप में दर्शन पूजन-पूजन किया। इस दौरान में विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के दरबार में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा है। आलम यह रहा कि मां विंध्यवासिनी धाम में नवरात्र के चौथे दिन भक्तों का तांता लगा हुआ रहा है। विन्ध्याचल मां विंध्यवासिनी धाम में शनिवार की देर रात से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी रही हैं, चारो तरफ लाइनों में लगे भक्त मां के दर्शन को उमड़ पड़े, दोपहर राजश्री आरती के समय लाइन में लगे भक्तों को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा भक्तों को सुगम दर्शन के लिए लाइन को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार मेले का निरीक्षण किया जा रहा है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रसाधन पूरी तरह मुस्तैद है।ईद की छुट्टी और रविवार के चलते मां के दरबार में भक्तों की भीड़ बढ़ गयी।

# ईदगाहों और मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की ईद की नमाज



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़।ईद का त्योहार जिले में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई।इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी।लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवई के साथ ही लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रही। ईदगाह और मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। जनपद के 336 ईदगाह और मस्जिदों में शनिवार को अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई।

सुबह से ही नमाजियों में चहल-पहल रही। निर्धारित समय से पूर्व ही नमाजी ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंच गए थे। शहर के बदरका ईदगाह में भारी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा की। शहर इमाम मौलान इंतेखाब आलम आजमी ने ईद की नमाज पढ़ाई।नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां देने का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। बच्चों में त्योहार को लेकर काफी उत्साह दिखा। बदरका ईदगाह पर सपा के मुख्य सचेतक एवं सांसद धर्मेंद्र यादव ने नमाजियों से मुलाकात कर उन्हें गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहयोग और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर आलम बदी आजमी, एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली, दुर्गा प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, अब्दुल्लाह अलाउद्दीन आदि उपस्थित रहे। ईद की नमाज को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क रहे। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी डॉ. अनिल कुमार, एडीएम प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, एसडीएम सदर नरेंद्र गंगवार, एसपी सिटी मधुबन, सीओ सिटी शुभम तोदी समेत अन्य अधिकारी पूरे क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। वहीं, सभी ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। सगड़ी क्षेत्र में ईद की रही धूमसगड़ी क्षेत्र में भी ईद-उल-फितर की धूम देखने को मिली। अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई। नत्थूपुर, जीयनपुर, अजमतगढ़, अंजान शहीद, बाग खालिस, बनकट, देवापार, पारीपट्टी, खालिसपुर, नूरुद्दीनपुर, छीहीं, छिछोरी, चांदपट्टी, करमैनी, बाजार गोसाई, चांदपार, अहिरौली सहित पूरे क्षेत्र ईद की नमाज अदा कर लोगों ने देश की सलामती की दुआ मांगी।

## चौथे दिन मां शीतला के कूष्मांडा स्वरूप का पूजन



जौनपुर ।चैत्र नवरात्र के चौथे दिन मां शीतला के कूष्मांडा स्वरूप की विधि-विधान से पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए और फल, मेवा तथा बरफी का भोग लगाया। मां का श्रृंगार गेंदा, अढ़वल और सफेद गुलाब की माला से किया गया। चैकियां धाम में चतुर्थी तिथि पर माताओं ने अपनी पुत्रियों की सलामती के लिए तालाब में स्नान कर पूजन-अर्चन किया ।मंदिर के महंत ने बताया कि नवरात्र के चैथे दिन स्वाति नक्षत्र, वैधृति योग और रवियोग का शुभ संयोग बन रहा है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार, जब सृष्टि नहीं थी और चारों ओर अंधकार था, तब माता कूष्मांडा ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसलिए इन्हें सृष्टि की आदिस्वरूपा कहा जाता है।इस देवी की आठ भुजाएं हैं, जिसके कारण इन्हें अष्टभुजा भी कहते हैं ।उनके सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र और गदा हैं, जबकि आठवें हाथ में सभी सिद्धियों व निधियों को देने वाली जप माला है। देवी का वाहन सिंह है। संस्कृत में कुम्हड़ा को कुष्मांड कहते हैं, इसी से इस देवी का नाम कूष्मांडा पड़ा।

## दृष्टि के बिना स्वस्थ देश व समाज की परिकल्पना असंभवः डा. भक्तवत्सल



आजमगढ़। समाज को गरीब तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे सामाजिक संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा रविवार को केएन लाल मेमोरियल हॉस्पिटल लक्षिरामपुर आजमगढ़ में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद की जांच की गई। इस दौरान चयनित 43 मरीजों को ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए वाराणसी स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल भेजा गया।

शिविर को शुभारंभ डिस्टिक्ट चेयर पर्सन होमियोपैथी लायंस क्लब इंटरनेशनल ख्यातिलब्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डा. भक्तवत्सल, अध्यक्ष लायंस क्लब ओमप्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ सर्जन डा. निर्मल श्रीवास्तव, सचिव सुनील अग्रवाल व कोषाध्यक्ष रवि जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। डा. भकतवत्सल ने कहा कि लायंस क्लब ने सामाजिक सरोकार में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। समाज के सभी तबकों के उत्थान के लिए कार्य करते हुए यह संगठन आज दुनियां का सबसे बड़ा संगठन बना है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस कारवां को आगे बढ़ाएं। इसी उद्देश्य के तहत आज नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के कैंप का आयोजन होता रहेगा। संगठन का मानना है कि समाज को स्वस्थ्य रखकर ही बेहतर देश और समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आरजे शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी की टीम ने डा. ऋष्टि पोंडा के नेतृत्व में मरीजों का परीक्षण किया। जो लोग मोतियाबिंद से पीड़ित मिले उन्हें आपरेशन और लेंश प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। लायन सुनील अग्रवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब हमेशा से ही पीड़ित और मजलूमों की सेवा के लिए कार्य करता रहा है। आने वाले दिनों में हम और भी बेहतर करने का प्रयास करें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ओम अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 180 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें से 43 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। उक्त मरीजों को बस से आरजे शंकरा अस्पताल आपरेशन के लिए भेजा गया। आपरेशन के बाद मरीजों को को उनके घर पहुंचाया जाएगा। मरीजों को खाने पीने अन्य सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

## फूलों और अबीर-गुलाल से मना होली मिलन समारोह



जौनपुर। अखिल भारतीय सम्पादक मण्डल इकाई जौनपुर के तत्वावधान में रविवार को मातापुर स्थित सरदार पटेल सेवा संस्थान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविन्द कुमार पटेल ने किया।

समारोह में लोगों ने फूलों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं ।कार्यक्रम के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि होली आपसी सौहार्द और भाई-चारे का त्योहार है। हम सभी लोगों को मिलजुल कर प्रेम और सौहार्द बनाए रखना चाहिये।होली एक ऐसा पर्व है।जो लोगों के बीच गिला शिकवा रहता है उसको दुर करता है। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल व अध्यक्षता राम चन्दर नागर ने किया। कार्यक्रम के दौरान विरेन्द्र कुमार गुप्ता,सुरज साहू,स्वदेश कुमार, अनिल कुमार गौतम,नरेंद्र गिरी, शशिराज सिन्हा, प्रोफेसर आसाराम यादव,शेखर चौहान,अमर बहादुर चौहान,वृजेन्द्र पटेल,लाल बहादुर पाल, सुशील स्वामी, आफताब आलम, महेन्द्र कुमार गुप्ता,जर्नादन मिश्रा,सुरज पटेल, विनोद गौतम, विपिन पटेल साहित तमामम लोग मौजूद रहे।

## छात्रा मरियम बनी एक दिन की प्रधानाध्यापक

जौनपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चल रहे मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के तहत कम्पोजिट विद्यालय रन्नो में प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव ने कक्षा 6 की छात्रा मरियम को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से प्रधानाध्यापक बनाया।

इस दौरान छात्राओं ने नवदुर्गा स्वरूप के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया ।प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रीति श्रीवास्तव ने मरियम को विद्यालय के संचालन से जुड़े प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। मरियम ने पूरे दिन विद्यालय की गतिविधियों का संचालन करते हुए बच्चों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का प्रयास किया।इसी के साथ विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण की औपचारिक शुरूआत भी की गई ।मरियम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक बनकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और उन्होंने महसूस किया कि यह जिम्मेदारी काफी महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होती है। उन्होंने भविष्य में अपनी प्रीति मैम की तरह प्रधानाध्यापक बनने की इच्छा भी जताई।

## योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचेः मनीषा अनुरागी



जौनपुर।उत्तर प्रदेश विधानमंडल, संयुक्त समिति सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम द्वारा विभिन्न विभागों एवं जनपद की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में समिति की सभापति श्रीमती मनीषा अनुरागी तथा सदस्यगण गौरीशंकर वर्मा, श्री मनीष रावत एवं तूफानी सरोज का स्वागत किया गया। सभापति द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निर्माण निगम के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।उन्होंने निर्देश दिए कि सेतु निर्माण के साथ-साथ एप्रोच मार्गो का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए ।इसके अतिरिक्त, समिति द्वारा जनपद में निमार्णाधीन पुलों की क्रमवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निमार्णाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराते हुए उनका समयबद्ध हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके।इसके साथ ही समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में शौचालयों की अद्यतन स्थिति की जांच कराई जाए तथा खिड़की एवं दरवाजों की वर्तमान स्थिति का सत्यापन कराते हुए आख्या प्रस्तुत की जाए, जिससे छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न कारण पड़े। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी निमार्णाधीन स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति, कार्य की प्रगति तथा संबंधित जूनियर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

# शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहींः कुलपति




जिला संवाददाता

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में विश्व शांति के निमित्त सामूहिक ज्ञान एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत इस विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

ध्यान सत्र में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि ह्वशिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है बल्कि मानवीय संवेदनाओं और वैश्विक कल्याण के प्रति सभी को जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। शांति ही मानवता का एकमात्र भविष्य है ।शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की एक स्थिति है। जब तक व्यक्ति का मन शांत नहीं होगा तब तक विश्व में शांति की स्थापना संभव नहीं है। वर्तमान में जो संघर्ष हम देख रहे हैं, उसका समाधान केवल संवाद और ध्यान की शक्ति से ही किया जा सकता है ।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक भाईचारे और शांति का संदेश फैलाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, विश्व जल दिवस के अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक ऊर्जा एवं जल संस्थान की स्थापना की पहल को भी महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जल संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वयंसेवकों द्वारा जल संरक्षण विषय पर प्रस्तुति दी गई तथा विश्वविद्यालय परिसर स्थित अमृत सरोवर में स्वच्छता अभियान चलाकर जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रो. मनोज मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. शशिकांत यादव उपस्थित रहे।

## अनियोजित विस्तार से जूझ रहा लालगंज

लालगंज, मीरजापुर। तहसील मुख्यालय लालगंज की आबादी 10 हजार के पार पहुंच चुकी है लेकिन विकास का कोई ठोस रोडमैप अब तक नहीं बन सका है।

बाजार, तहसील, ब्लॉक, चिकित्सालय, डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज जैसी सुविधाओं के कारण यह क्षेत्र तेजी से बसावट का केंद्र बनता जा रहा है, परंतु यह विस्तार पूरी तरह अव्यवस्थित रूप लेता जा रहा है। आसपास के गांवों के लोग अपनी कृषि भूमि बेचकर लालगंज में बस रहे हैं। जिससे जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।लेकिन बिना किसी सुनियोजित शहरी योजना के हो रहे इस विस्तार ने सड़क, जल निकासी और यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाल दिया है। संकरी गलियां, जाम की समस्या और मूलभूत सुविधाओं का अभाव अब आम बात हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि लालगंज में जिस तेजी से आबादी बढ़ रही है। उसी अनुपात में विकास की योजना नहीं बनाई गई।यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और विकराल हो सकती है ।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तूफानी लाल यादव ने कहा कि बाजार और शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण यहां बसावट स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन को चाहिए कि वह इसे व्यवस्थित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करे।पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी ने कहा कि लालगंज को कस्बे के रूप में विकसित करने के लिए सड़क, नाली, जल निकासी और पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीवनलाल दुबे ने कहा कि सरकार और प्रशासन को मिलकर लालगंज के लिए दीर्घकालिक विकास योजना तैयार करनी चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।पूर्व प्रमुख जयकुमार सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि लालगंज के बाजार को नए मॉडल के तहत विकसित किया जाए।इसके लिए सुनियोजित बाजार व्यवस्था, चौड़ी सड़कें, पार्किंग और आधुनिक सुविधाओं को शामिल करते हुए एक ठोस योजना बनाई जानी चाहिए। जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि लालगंज अब गांव नहीं बल्कि कस्बे का रूप ले चुका है ।ऐसे में जरूरी है कि इसे उसी अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए।

## सड़क हादसे में पिता की मौत

आजमगढ़।जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कमालगंज (गोसाईगंज) बाजार में शनिवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र का इलाज अभी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरसेरवा गांव निवासी सियाराम विश्वकर्मा (60) पुत्र राम अवतार और उनके पुत्र अजय विश्वकर्मा (30) की कमालगंज बाजार में फर्नीचर की दुकान है। शनिवार की रात करीब 9 बजे दोनों दुकान बंद कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वे दुकान से लगभग 100 मीटर ही आगे बढ़े थे कि जौनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सामने से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार मौके का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के राहगीरों और बाजारवासियों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तत्काल घायलों के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को आनन-फानन में जौनपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां रविवार की सुबह तड़के इलाज के दौरान सियाराम विश्वकर्मा की मौत हो गई, जबकि अजय विश्वकर्मा का इलाज जारी है। घटना के बाद परिजन सियाराम का शव लेकर घर वापस लौट आए और डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाल विमल प्रकाश राय ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, लेकिन अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के तीन पुत्र हैं, जिनमें घायल अजय तीसरे नंबर का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पहली मंजिल से नीचे गिरने से कारीगर की मौत

आजमगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज के पास स्थित एक होटल में खिड़की लगाते समय पहली मंजिल से नीचे गिरने से कारीगर की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरदह थाना क्षेत्र के जगदीशपुर सोहौली गांव निवासी 26 वर्षीय अमित प्रजापति एल्युमिनियम फेब्रिकेटर का काम करता था। रोडवेज के पास स्थित एक होटल के भवन का निर्माण का कार्य चल रहा है। होटल के निर्माणाधीन भवन के पहली मंजिल पर एल्युमिनियम की खिड़की लगाने का काम कई दिनों से चल रहा है। अमित भी इस निर्माणाधीन भवन में एल्युमिनियम की खिड़की लगाने का काम कर रहा था। निर्माणाधीन भवन के पाइट पर चढ़कर अमित पहली मंजिल पर एल्युमिनियम की खिड़की लगा रहा था। साथ में मौजूद अन्य मजदूरों का कहना है कि खिड़की लगाते समय अचानक अमित पाइट से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायलावस्था में अमित को लेकर लोग शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचे, डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। अमित प्रजापति पांच भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

## प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, चुने गये पदाधिकारी

मीरजापुर। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मीरजापुर की जिला कार्यकारणी बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष डॉक्टर आकाश उपाध्याय अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें धीरेंद्र प्रताप सिंह को जिला महामंत्री, नीलकंठ पांडे को जिला कोषाध्यक्ष एवं जगदंबा चौधरी को संयुक्त मंत्री दिनेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष आदेश पाठक को जिला संगठन मंत्री राजेश चौबे को उप मंत्री नवीन उपाध्याय प्रसार मंत्री की जिम्मेदारी सौंप गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों का माला पहनाकर हर्ष ध्वनी के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं सभी को पद की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नवनियुक्त उत्तर प्रदेशीय के प्राथमिक शिक्षक संघ मीरजापुर के जिला मंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संगठन की प्राथमिकता है और इसके यह सभी शिक्षकों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन सदैव प्रयासरत है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉक्टर आकाश उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सदैव शिक्षकों के मान सम्मान अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहा है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा की कि वह शिक्षक हितों की रक्षा शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और संगठन की नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जय प्रताप सिंह, जिला सूचना प्रसार मंत्री गणेश दुबे, सर्वेश श्रीवास्तव, कुलदीप शुक्ला, हेमंत सिंह, रवि यादव, विजय श्रीवास्तव, योगेश पांडे, राजधनी उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, विपुल कुमार, अमरेश सिंह, राकेश यादव, नागेन्द्र दुबे समेत समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## बेटी की बरामदगी के लिए थाने पहुंचे पिता ने दारोगा पर गाली देने का लगाया आरोप

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने ड्रमंडगंज थाने के एक एसआई पर गाली गलौज देने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वषीर्या किशोरी को प्रयागराज जिले के युवक द्वारा शनिवार शाम को घर से भगा ले जाने पर किशोरी के पिता ने शनिवार की रात आरोपी युवक तथा गांव की एक महिला के विरुद्ध तहरीर देकर बेटी को सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई। रविवार को पत्नी के साथ पहुंचे किशोरी के पिता ने थाने में मौजूद दरोगा पर गाली देने का आरोप लगाया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपित युवक के भाई और पिता को थाने लेकर आई है। दरोगा ने उनके खाने के लिए मुझसे इंतजाम करने के लिए कहा जिसपर मैंने मना कर दिया ।इसी बात से नाराज होकर दरोगा ने गाली देते हुए थाने से भाग जाने के लिए कहा। किशोरी के पिता ने बताया कि बेटी आगामी अप्रैल माह में शादी होनी है ।गांव की एक महिला की मिलीभगत से प्रयागराज जिले कोरांव थाना क्षेत्र का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता ने बेटी को सुरक्षित बरामद करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में ड्रमंडगंज थाने के एसआई रामविशाल ने बताया कि किशोरी के पिता द्वारा गाली गलौज देने का गलत आरोप लगाया जा रहा है।

## एमपी के सीएम मोहन यादव ने अड़गड़ानंद महाराज से लिया आशीर्वाद



मीरजापुर। रविवार को जिले में पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सीधे सक्तेशगढ़ आश्रम में पहुंचकर अड़गड़ानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव के जनपद दौरा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती करने के साथ ही सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव ने सक्तेशगढ़ आश्रम में स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मुलाकात की और आशीर्वाद के बाद सत्संग हाल के पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा आगामी उज्जैन महाकुंभ में दिव्य, भव्य व्यवस्था होगी। भगवान राम और कृष्ण के स्थान विकसित होंगे तथा धार्मिक स्थानों को पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान उनके स्वागत के लिए मड़िहान विधायक सहित भाजपा नेता एवं जिले के अधिकारी मौजूद रहे हैं।

संक्षेप

## थाली ताली बजा कर किया गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि का विरोध

बरहज,देवरिया। बरहज देवरिया रोड पर काली मंदिर के पास गैस सिलेंडर मुख्य वृद्धि को लेकर सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में भाजपा सरकार के विरोध में ताली व थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा की नीतियों व महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार इस पर रोक लगाने के बजाय लगातार महंगाई बढ़ती जा रही हैं। यह सरकार महंगाई बेरोजगारी पर पूरी तरह फेल है। प्रदेश व देश की जनता को एक ओर जहां बेरोजगारी त्रस्त हैं वहीं लगातार हो रहे महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी हैं। यही हालात रहे तो आम जनता के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। भाजपा सरकार को हटाने का काम करें। जब प्रदेश व देश से भाजपा की सरकार जाएगी तभी महंगाई जाएगी। इस दौरान संजय यादव, रोहित शर्मा, आदित्य सिंह, राकेश चौहान, इस्लाम अंसारी, सुभाष आदि उपस्थित रहे।

# ईद पर गूंजा अमन का पैगाम, मुल्क की सलामती को उठे लाखों हाथ



जिला संवाददाता

कुशीनगर। रहमतों और बरकतों का त्योहार ईद-उल-फितर जनपद में पूरे जज्बे, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

हर ओर ह्लअल्लाहु अकबरह्व की सदाएं गूंजती रहीं और लोगों ने हाथ उठाकर मुल्क की सलामती, तरक्की और आपसी सौहार्द के लिए दिल से दुआएं मांगीं। नमाज अदा करने के बाद

**● सेवइयों की मिठास में घुला प्यार, ईद पर एकजुट दिखा कुशीनगर**

गले मिलकर एक-दूसरे को ह्लईद मुबारकह्व कहने का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने पूरे माहौल को मोहब्बत और अपनापन से सराबोर कर दिया। इस मौके पर समाज के हर वर्ग के लोगों ने भेदभाव भुलाकर एकता की मिसाल पेश की। ईदगाहों के बाहर और गलियों में भाईचारे की जीवंत तस्वीर देखने को मिली।

ईद को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। ने परिधान, हाथों में रंग-बिरंगी चूड़ियां और चेहरों पर मुस्कान हर तरफ खुशियों की झलक दिखाई दी। बच्चों ने ईदी पाकर खुशी जताई तो घरों में सेवइयों, शीरखुर्मा और लजीज पकवानों की महक ने त्योहार की मिठास को और बढ़ा दिया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मुंह मीठा कराया और रिश्तों की मिठास को और गहरा किया।

इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता की भी खूबसूरत तस्वीर सामने आई, जहां सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर ईद की खुशियां साझा कीं।

### प्रशासन रहा मुस्तैद

त्योहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिले के प्रमुख ईदगाहों व मस्जिदो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे लोगों ने बेफिक्र होकर त्योहार का आनंद उठाया। ईद का यह पावन पर्व एक बार फिर यह संदेश दे गया कि जब दिलों में मोहब्बत और जुबां पर दुआ होती है, तो हर फासला मिट जाता है और समाज में अमन-चैन कायम होता है।

## ससुरालीजनों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। फरियाद में विवाहिता मीना चतुर्वेदी पत्नी अभिजीत निवासी आशीर्वाद चैराहा निकट संस्कृत विद्यालय का कहना है कि उसके पति व ससुरालीजन अक्सर उसको मारते पीटते रहते हैं। आए दिन गाली-गलौच और अभद्रता के कारण वह परेशान रहती है। शुक्रवार की शाम उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान घर लौटे पति अभिजीत चतुर्वेदी ने बच्चो को मारना-पीटना शुरू कर दिया।

विरोध करने पर ससुर अनिल चतुर्वेदी,सास माला चतुर्वेदी और ननद स्वाती पाण्डेय ने मिलकर उसपर हमला बोल दिया और काफी मारा पीटा। इसके बाद घर से भगा दिया। ऐसे में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## एसडीएम ने किया गैस एजेंसी का निरीक्षण



कसया, कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस उपलब्ध कराने को लेकर उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने नगर स्थित कांति गैस सर्विस एजेंसी का निरीक्षण किया और नियमानुसार उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित करने के निर्देश संबंधित को दिए रविवार को उपजिलाधिकारी श्री सिंह नगर स्थित कांति गैस एजेंसी पर पहुंच कर निरीक्षण किया। एजेंसी को 503 सिलेंडर रविवार को प्राप्त हुआ था। गैस एजेंसी द्वारा 3 बजे तक कुल 407 सिलेंडर वितरित कर दिए गए थे। शेष 96 गैस एजेंसी कैंपस के अंदर ही वितरित किया जा रहा था। अभी भी कैम्पस के अंदर 126 लोग उपस्थित थे। 96 सिलेंडर अवशेष थे उनको उपस्थित लोगो को दिया जा रहा था और शेष लोगों को टोकन दे दिया गया। जिसमें दिन और समय नियत है। उपभोक्ता टोकन प्रणाली से खुश है। उपभोक्ताओं से एसडीएम कसया ने वार्ता की और उन्हें समय से गैस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम डॉ सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गैस एजेंसी पर निर्धारित समय से आए। अफवाहों पर न जाए तथा आवश्यकता अनुसार व पात्रता के आधार पर गैस सिलेंडर लें। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बृजेश मणि, गैस एजेंसी संचालक जितेन्द्र प्रसाद सहित उपभोक्ता मौजूद रहे।

## बुलेट की बाइक में जोरदार, टक्कर कांग्रेस नेता की मौत

बरहज, देवरिया। राम जानकी मार्ग पर थाना क्षेत्र के कान्हा गौशाला के निकट बाइक सवार कांग्रेस के बरहज नगर अध्यक्ष को तेज रफ्तार बुलेट ने जोरदार टक्कर मार दिया । आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नगर के आजाद नगर दक्षिणी निवासी जितेंद्र जायसवाल जीतू (45) पुत्र लालचंद जायसवाल कांग्रेस के बरहज नगर के अध्यक्ष थे। शनिवार शाम को करीब सात बजे वह बाइक से बरहज की तरफ आ रहे थे। अभी वह कान्हा गौशाला के निकट ही पहुंचे थे कि तेज रफ्तार बुलेट सवार दो युवकों नसीम उर्फ राजन राईन पुत्र मुन्ना राईन व सोनू राईन पुत्र अज्ञात निवासी पटेल नगर मध्य ने जोरदार टक्कर मार दिया, आमने सामने हुई हुई भिड़ंत में उनकी सिर फट गया था, सिर फटने से खून का फब्बारा निकल रहा था । एक्सिडेंट के बाद बुलेट सवार नसीम उर्फ राजन राईन मौके से अपने साथी सोनू को छोड़कर फरार हो गया, घायल सोनू को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया ।पुलिस ने मृतक जितेन्द्र जायसवाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जितेंद्र के निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या लोग अस्पताल पहुंचे। पटेल नगर के लोगों का कहना है कि नसीम उर्फ राजन राईन को बुलेट लिए पंद्रह से बीस दिन हुए हैं, जबसे बुलेट लिए हैं तबसे दोनों युवक आंधी की तरह बुलेट चलाते थे, अक्सर लोग यह कहते नजर आते थे कि जरूर ये दोनों एक्सीडेंट करेंगे। आखिर लोगों की शंका सच साबित हुई और काफी मिलनसार कांग्रेस नेता को अपनी जान गंवानी पड़ी। कांग्रेस नेता के असामयिक निधन से परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है अभी एक वर्ष पूर्व बड़े पुत्र रौनक की भी नदी में डूबने से मौत हो गई थी ।जितेंद्र जायसवाल की मौत का समाचार मिलते ही घर में कोहराम मच गया। बदहवास पत्नी सुनीता देवी और बच्चे अस्पताल पहुंचे। जितेंद्र के एक पुत्र और एक पुत्री है। पत्नी अस्पताल में शव से लिपटकर दहाड़ें मारकर रो पड़ी। बेटा आदर्श जायसवाल और बेटी रिया भी बिलख रहे थे। उनके करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बरहज सरयू नदी तट पर किया गया। निधन पर रामजी गिरी, भोला तिवारी,मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, मनोज राव, राधारमण पांडेय ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## देवरिया के तीन रक्तवीर आगरा में प्रदेश सेवारत्न अवॉर्ड से किए गये सम्मानित

बरहज,देवरिया। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा हेतु देवभूमि देवरिया के तीन रक्तवीरों को 22 मार्च 2026 को संकल्प मानव सेवा संस्था द्वारा सातवें स्थापना दिवस पर आगरा में प्रदेश सेवारत्न 2026 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेबीरानी मौर्या पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड एवं कैबिनेट मंत्री उ प्र विशिष्ट अतिथि रमाकांत उपाध्याय सदस्य, गौसेवा आयोग उत्तर प्रदेश, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश राजपूत, संस्था के अध्यक्ष उमेंद्र राजपूत एवं डा. आलोक अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने निफा जिलाध्यक्ष एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, देवरिया पुलिस मित्र के संस्थापक सौरभ त्रिपाठी एवं डा. अब्दुल कलाम वेलफेयर सेसाइटी बैतालपुर के प्रबंधक रजनीश पटेल को स्मृतिचिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया । तीनों रक्तवीर निफा देवरिया एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपने योगदान से जिले में रक्तदान मुहिम की अलख जगा रहे हैं ।रक्त की कमी और नशे की वजह से किसी की जान ना जाए इसी उद्देश्य के साथ तीनों रक्तवीर नशा नहीं रक्तदान करें मुहिम के साथ संयुक्त रूप से मिलकर 862 यूनिट रक्तदान कराकर हजारों लोगों का जीवन बचा चुके हैं ।तीनों रक्तवीर स्वयं रक्तदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर जिले में रक्तक्रांति लाने का संकल्प ले चुके हैं । तीनों रक्तवीरों ने यह सम्मान जिले के साथ साथ यूथ ब्रिगेड के प्रत्येक रक्तदाता को समर्पित किया है ।इन रक्तवीरों को रक्तदान सहित अन्य सामाजिक योगदान हेतु पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर भी सम्मानित किया जा चुका है ।

**● उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबीरानी मौर्या ने दिया अवॉर्ड**

### विवाद के बाद मारपीट

अयोध्या। रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र के टेढ़ी बाजार इलाके में मामूली बात को लेकर विवाद और फिर मारपीट हुई। मामले में पीड़ित ने दो लोगों के खिलाग नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू करवा दी है। शिकायत में अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र स्थित कस्थुनी पश्चिम निवासी हनुमान प्रसाद पुत्र शोभनाथ का कहना है कि वह अपने बेटे और गाँव के तीन अन्य लड़कों के साथ अयोध्या रामलला का दर्शन-पूजन करने आया था ।दर्शन के बाद शाम लगभग पांच बजे टेढ़ी बाजार चैराहा स्थित बबलू की दुकान से सामान ले रहा था। सामान लेने के दौरान दुकानदार से कहासुनी हुई तो बबलू और पास के अमित मेडिकल स्टोर के संचालक ने डंडा से हमला बोल दिया।

## शहीदी दिवस के एक दिन पूर्व बैतालपुर में श्रमदान, युवाओं को दी गयी खेल सामग्री

देवरिया/बैतालपुर। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में शहीदी दिवस के अवसर पर एक दिन पूर्व विकासखंड बैतालपुर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरकारी कोऑपरेटिव गोदाम परिसर में

**● बैतालपुर में शहीदी दिवस पर निकलेगी भव्य पदयात्रा**

संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर स्वच्छता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया ।कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने परिसर की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सक्रिय युवा मंडलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल-कूद की सामग्री भी वितरित की गई, ताकि युवा खेलों के प्रति प्रेरित हों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।




कार्यक्रम के संयोजक विकास यादव ने बताया कि 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर बैतालपुर में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

यह पदयात्रा स्टार इंटरनेशनल स्कूल से प्रातः 9 बजे प्रारंभ होकर बैतालपुर ब्लॉक गेट तक जाएगी तथा पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त होगी। इस पदयात्रा में 100 से अधिक युवा एवं युवतियों के भाग लेने की संभावना है। पदयात्रा के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तारकेश्वर यादव, धनंजय यादव, वीरू, प्रिंस सिंह, संत मद्धेशिया, नर्स साइड शेख, हजरत सैनी, हिमांशु, रवि, समर चौहान, अनमोल चौहान, देव शर्मा, नितेश मद्धेशिया सहित अन्य युवा उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## नागरी प्रचारिणी सभा में वसंत उत्सव का आयोजन




जिला संवाददाता

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया के तत्वावधान में आयोजित वसंतोत्सव में प्रख्यात गायक अन्टू भोजपुरिया ने नित्यानंद आनन्द के लिखे भोजपुरी गजल एगो मुस्की क अतना असर होइ, हम ना जननी जिनिगिया जहर होइ तथा चइत मासे चुनरी रंगइबे हो रामा पिया तोहरे नामे के गायन से श्रोताओं को वसंत के रंग में सराबोर कर दिया। इसके बाद संगीत साधिका श्वेता पाण्डेय ने चढल बा चइत के खुमार हो मनवां खोजे सजनवा प्रस्तुत कर सबको आनंदित कर दिया इस गीत की शब्द रचना गीतकार सौदागर सिंह ने की थी। इसके बाद गीतकार छेदी प्रसाद गुप्त विवश ने अपने गीत सब केहू लागल बा अपने जोगाड़ में, आपन भलाई होखे दुनिया जा भाड़ में प्रस्तुत कर वर्तमान सामाजिक सच्चाई का पदार्फाश करने की कोशिश की। आगे रमेश सिंह दीपक ने आज बसंत बन पाहुन आये स्वरचित गीत सुनाया। वसंतोत्सव के मुख्य गीतकार गिरिधर करुण ने चुअत अन्हरवे अंजोर हो रामा हमरे अंगनवा स्वरचित चैता सुनाकर भाव विभोर कर दिया। नित्यानंद आनन्द ने खेलत रामा बकइयां हो रामा बाबा के अंगनवा चैता प्रस्तुत किया। सौदागर सिंह के चईता से कार्यक्रम का समापन हुआ। अन्त में मंत्री डा. अनिल कुमार त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इसके पूर्व प्रार्थना राय ने वाणी वन्दना की। सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने मुख्य गीतकार गिरिधर करुण और कलाकार गण को उत्तरीय और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस संगीतात्मक आयोजन में प्रख्यात वादक लव कुमार मिश्र ने तबला वादन हारमोनियम स्वंय अन्टू भोजपुरिया और झांझ पर नित्या नन्द आनंद ने संगत किया।

समारोह का संचालन प्रसिद्ध गीतकार सौदागर सिंह ने किया और अध्यक्षता डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने किया। सुभाष राय, रजनीश गोरे, नागेन्द्र शुक्ल, डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, रवीन्द्र नाथ तिवारी, वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा, इन्द्र कुमार दीक्षित, दिनेश कुमार त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, रवि प्रकाश मिश्र, कौशल कुमार मिश्र, हरेन्द्र शुक्ल, डॉ मधुसूदन मिश्र, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, दयाशंकर कुशवाहा, भृगुदेव मिश्र, आचार्य परमेश्वर जोशी, रामनिवास पाण्डेय, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, अनिल कुमार मिश्र, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, ऋषिकेश मिश्र, सुबोध मिश्र, मार्कण्डेय मिश्रा, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और एमएलसी रत्नपाल ने किया बुद्ध का दर्शन, पूजन



कुशीनगर। बुद्ध स्थली पहुंचे भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान में गांधी स्मृति और दर्शन समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गोयल सहित एमएलसी रतन पाल सिंह और नेताओं ने तथागत बुद्ध का दर्शन किया और चीवर चढ़ाकर राष्ट्र के कल्याण की कामना की ।शनिवार की शाम को पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गोयल, एमएलसी रतन पाल सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री राजेश सिंह, पूर्व विधायक मेहदावल राकेश सिंह ने तथागत बुद्ध का दर्शन किया और पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक और प्राचीनता महत्व की जानकारी ली। इसके पूर्वराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोयल, एमएलसी श्री सिंह, पूर्व विधायक मेहदावल, पूर्व मंत्री श्री सिंह कसया नगर के गोरखपुर मार्ग स्थित होटल ओम रेजिडेंसी पहुंचे जहां उनका स्वागत भाजपा नेता और एयरपोर्ट सलाहकार समिति। सदस्य ओमप्रकाश जयसवाल ने प्रभु श्रीराम दरबार का चित्र देकर किया और हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर सिंह, राव, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, अनिल पांडेय, दिनेश जायसवाल, भिक्षु गण सहित अन्य मौजूद रहे।

## पूर्वांचल क्रांति दिवस पर अमृत प्रयास कार्यक्रम 29 को

देवरिया। ह्यविकसित देवरिया लोकसभाह्न के लक्ष्य को लेकर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी द्वारा ह्यअमृत प्रयासह्न के तहत 29 मार्च को पूर्वांचल क्रांति दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए दो प्रमुख संकल्पों को आगे बढ़ाने की घोषणा की जाएगी। जिसको लेकर भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पहला संकल्प ह्यनकदी फसल एवं एग्रो प्रोसेसिंग में प्रोत्साहनह्न से जुड़ा है। इसके तहत देवरिया और कुशीनगर के किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट पहले से संचालित है। आगामी कार्यक्रम में इसे और विस्तार देने की रणनीति पेश की जाएगी। इसमें कृषि विशेषज्ञों के सहयोग से उत्पादन बढ़ाने, भंडारण क्षमता विकसित करने, किसान क्रेडिट सुविधा, डिजिटल तकनीक से जोड़ने और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर रहेगा। शुरूआती चरण में रामपुर कारखाना और फाजिलनगर क्षेत्र के किसान इसमें भागीदारी कर रहे हैं ।दूसरा संकल्प ह्यउद्यमिता के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगारह्न प्रदान करने पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत देवरिया सदर, रामपुर कारखाना, पथरदेवा, फाजिलनगर और तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गांव स्तर पर छोटे-छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएगा और युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास होगा ।कार्यक्रम 29 मार्च को शाम 4 बजे देवरिया क्लब (टाउन हॉल के पीछे) में आयोजित होगा। इसके बाद शाम 5:30 बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो देवरिया क्लब से अमृत रेलवे स्टेशन तक जाएगा। शाम 6 बजे अमृत रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शन और जनसभा आयोजित की जाएगी ।उन्होंने बताया कि 29 मार्च का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसी दिन वीर शहीद मंगल पांडेय ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था, वहीं रानी लक्ष्मीबाई ने भी स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रेरणा से ह्यअमृत प्रयासह्न के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाकर देवरिया को विकसित बनाने का संकल्प दोहराया जाएगा। सांसद ने आमजन से कार्यक्रम में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। प्रेस वार्ता में भाजपा मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी और मनोज मिश्रा भी मौजूद रहे।

## डीआईओएस दफ्तर से आउटसोर्स राज खत्म करने का फरमान, शिक्षा निदेशक सख्त

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबे समय से सुलग रहा ह्यआउटसोर्सिंग तैनातीह्न का विवाद अब निर्णायक अंजाम की ओर बढ़ता दिख रहा है। सबब यह है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारी सर्वेश्वर तिवारी उर्फ सोनू तिवारी का मामला अब जिला और मंडल स्तर की सीमाएं लांघकर शासन तक पहुंच गया है। नतीजतन शिक्षा निदेशक ने सख्त आदेश जारी कर सर्वेश्वर तिवारी उर्फ सोनू तिवारी को तत्काल प्रभाव से डीआईओएस कार्यालय से हटाने का फरमान जारी किया है।

निदेशक के इस आदेश ने न सिर्फ डीआईओएस कार्यालय में हड़कंप मचा दिया है, बल्कि उन तमाम सवालों को भी हवा दे दी है, जो अब तक दबे हुए थे आखिर किसके संरक्षण में एक आउटसोर्स कर्मचारी नियमों को ठेंगा दिखाकर जिला स्तरीय कार्यालय में जमे रहा?

बतादे कि सर्वेश्वर तिवारी उर्फ सोनू तिवारी पडरौना के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आउटसोर्सिंग कर्मचारी (ऑफिस ब्वाय) हैं, लेकिन हकीकत में डीआईओएस कार्यालय में ह्यबाबूगिरीह्न करते हुए फाइलों, गोपनीय दस्तावेजों, न्यायालय और संवेदनशील कार्यों तक पहुंच रखने के आरोपों से घिरे रहे। सवाल यह उठता रहा कि आखिर किसके संरक्षण में यह सब चल रहा है ?शिक्षक संघ ने इस पूरे मामले को खुलकर ह्लनियमों की हत्याह्व बताया और मोर्चा खोल दिया। चेतावनी दी है कि अगर अवैध तैनाती खत्म नहीं हुई तो डीआईओएस दफ्तर का घेराव और मूल्यांकन बहिष्कार कर दिया जाएगा। हालात बिगड़ते देख पहले मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने 16 मार्च को तल्ख पत्र जारी कर रिपोर्ट मांगी थी।

बताया जा रहा है कि सीडीओ के आदेश को डीआईओएस कार्यालय द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा था तब तक शिक्षा निदेशक ने सीधे कार्रवाई का आदेश देकर पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। निदेशक के आदेश के बाद अब यह साफ हो गया है कि मामला सिर्फ एक कर्मचारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे की पूरी ह्यचेनह्न जांच के घेरे में आ सकती है। सूत्र बताते है कि शिक्षा निदेशक के आदेश का पालन नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक सकती है।

## गैस पर मचा हाहाकार, पकौड़ी दुकानों पर सिलेंडर का कारोबार



कुशीनगर। जनपद में इन दिनों घरेलू गैस की भारी किल्लत से आम जनता त्रस्त है। हालात यह हैं कि उपभोक्ता भोर से ही गैस एजेंसियों पर लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन घंटों मशक्कत के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। आक्रोशित लोग सरकार और व्यवस्था दोनों को कोसते नजर आ रहे हैं। पडरौना नगर से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है, जो इस संकट के पीछे चल रहे ह्यकाले खेलह्न की पोल खोल रही है। बुढ़िया माई मंदिर के बगल में संचालित पकौड़ी दुकानों पर खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। यह न केवल नियमों की खुली धज्जियां उड़ाने जैसा है, बल्कि आम जनता के हिस्से की गैस पर भी डाका डालने के समान है।

**● जनता लाइन में बेहाल, दुकानों पर हर दो दिन में बदल रहा सिलेंडर**
**● कुशीनगर में बड़ा खेल**

### लाइन में जनता, दुकानों पर नो टेंशन

एक तरफ आम उपभोक्ता 20-25 दिन तक बुकिंग के बाद गैस के लिए तरस रहे हैं, वहीं इन दुकानों पर गैस की सप्लाई इतनी ह्यस्मूदह्न है कि हर दो दिन में नया सिलेंडर बदल दिया जाता है। यह व्यवस्था अपने आप में कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

### कहां से आ रहे हैं इतने सिलेंडर

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब गैस एजेंसियों के पास आम लोगों को देने के लिए सिलेंडर नहीं हैं, तो फिर इन दुकानदारों को लगातार सप्लाई कौन और कैसे दे रहा है? क्या इसके पीछे कोई संगठित ह्यसिलेंडर सिंडिकेटह्न काम कर रहा है? या फिर जिम्मेदारों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है?

### पूरा जिला चपेट में

पडरौना नगर के बुढ़िया माई मंदिर के समीप स्थित पकौड़ी के दुकानो के यह कारनामे महज एक बानगी है। जिले के कसया, हाटा, तमकुहीराज और सेवरही जैसे इलाकों में होटल और दुकानों पर बेखौफ घरेलू गैस का व्यावसायिक दुरुपयोग धड़ल्ले से जारी है। यानी यह समस्या अब पूरे जिले में फैल चुकी है।

### प्रशासन बना मूकदर्शक

इतने बड़े पैमाने पर हो रहे इस खेल के बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या जिम्मेदार विभाग को इसकी भनक नहीं है, या फिर जानबूझकर धृतराष्ट्र बने बैठे हैं? यही वजह है कि आम उपभोक्ता यह जानना चाहता है कि उसके हिस्से की गैस आखिर जा कहां रही है? और इस पूरे खेल में कौन-कौन शामिल है?

### तत्काल कार्रवाई की जाये

जानकारों का कहना है कि समय रहते प्रशासन द्वारा इस ह्यसिलेंडर खेलह्न पर लगाम नहीं लगायी गयी , तो हालात और भयावह हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि प्रशासन तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

## गन्ने की वैज्ञानिक खेती से किसान को मिला 784 कुन्तल प्रति एकड़ उपज: उप गन्ना आयुक्त

कुशीनगर। तमकुहीराज तहसील के अंतर्गत ग्राम माधोपुर खुर्द निवासी किसान सुभाष पाल पिता हरहंगी ने गन्ने की वैज्ञानिक खेती कर प्रति एकड़ में 784 कुन्तल उपज हासिल किया है।

यह जानकारी उप गन्ना आयुक्त देवरिया एपी सिंह ने देते हुए बताया कि गन्ने की वैज्ञानिक खेती को अपनाने, गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने, कृषकों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के लिए हुई राज्य गन्ना प्रतियोगिता में किसान के गन्ना फसल की कटाई तथा उसका वजन विजय कुमार सहायक सांख्यिकी अधिकारी देवरिया द्वारा कराई गयी। जिसमें उपज 784 कुन्तल प्रति एकड़ (1960 कुन्तल प्रति हेक्टेएयर) मिली है। उप गन्ना आयुक्त ने प्रतियोगिता कटाई खेत का निरीक्षण किया, क्षेत्र में गन्ने के साथ सहफसली खेती को भी देखा। 1960 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त करने वाले किसान सुभाष पाल से पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने अधिक उपज लेने का कारण विषय पर बातचीत की। किसान ने बताया हमने गन्ना प्रजाति को. 0118, फरवरी के अंतिम सप्ताह में 4.5 फुट की दूरी पर नाली बनाकर बुवाई किया, नाली में गोबर की सड़ी खाद दिया, एक बोरा डी.ए.पी. पोटाश प्रयोग कर तथा गुड़ाई करके उर्वरक को मिट्टी में मिलाया, दो आँख का टुकड़ा-गेड़ी उपचारित करके बुवाई किया। रोटावेटर से 3 बार गुड़ाई किया। खरपतवार नियंत्रण किया, 5 सिंचाई किया, 3 बार बधाई किया, मिट्टी चढ़ाया। राज्य गन्ना प्रतियोगिता फार्म भरा। चीनी मिल सेवरही तथा गन्ना विभाग का सहयोग मिलता रहा है। गन्ना विभाग के देवरिया के सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने कटाई कराया, गन्ना प्रतियोगिता में भाग लेने का नियम बताया सेवरही चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक डॉ. रामवीर सिंह, पी.एन. शाही व अन्य अधिकारी तथा किसान उपस्थित थे। राज्य गन्ना प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे किसान विश्वनाथ तिवारी को 1122 कुन्तल तथा बलराम को 1415 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उपज मिली है।

